दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी





प्रभास की फौजी में अभिषेक की एंट्री........

कल्की के सीक्वेल में .......

वर्ष : 11 | अंक : 272 | लखनऊ, 21 सितम्बर, रविवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# विश्वबंधु की भावना से आगे बढ़ रहा भारत, दुनिया में हमारा कोई दुश्मन नहीं : पीएम मोदी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के भावनगर में 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम में 34,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। समुद्री क्षेत्र की पहल के तहत, पीएम मोदी ने इंदिरा डॉक में मुंबई इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल सहित 7,870 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता में एक नए कंटेनर टर्मिनल और संबंधित सुविधाओं की आधारशिला भी रखी।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि ये कार्यक्रम तो भावनगर में हो रहा है, लेकिन ये कार्यक्रम पूरे हिंदुस्तान का है। पूरे भारत में समुद्र से समृद्धि से जाने की ओर हमारी दिशा क्या है, उसके लिए आज इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का केंद्र भावनगर को चुना गया है। गुजरात और भावनगर के लोगों को बहुत बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को आप सबने अपने नरेन्द्र भाई को जो शुभकामनाएं भेजी हैं, देश और दुनिया से जो मुझे शुभकामनाएं मिली हैं... व्यक्तिगत तौर पर सबका धन्यवाद करना संभव नहीं है, लेकिन भारत के कोने-कोने से, विश्वभर से ये जो प्यार मिला है, आशीर्वाद मिले हैं। ये मेरी बहुत बड़ी संपत्ति है, ये मेरी बहुत बड़ी ताकत है। इसलिए मैं आज सार्वजनिक रूप से देश और दुनिया के सभी महानुभावों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती से हनुमान जयंती तक, 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक... पूरे देश भर में लाखों लोग सेवा पखवाड़ा मना रहे हैं। मुझे बताया गया है कि गुजरात में भी, पिछले दो-तीन दिनों में ही सेवा पखवाड़ा के दौरान बहुत जगह कार्यक्रम हुए, सैकड़ों जगहों पर रक्तदान शिविर लगे और इनमें अब तक एक लाख लोग ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनमें लाखों लोगों ने भाग लिया।

## मोदी का कांग्रेस पर तीखा वार : 6 दशक तक विदेशी निर्भरता में उलझाया, घोटालों से रोका देश का विकास

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस की आर्थिक नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि पार्टी ने भारत की क्षमता को नजरअंदाज किया। गुजरात के भावनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने 1991 से पहले के लाइसेंस-कोटा राज और भारत के बाजार खोलने के बाद आयात पर कांग्रेस के जोर की आलोचना की। आत्मनिर्भरता के अपने आह्वान को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनना होगा और दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा होना होगा। भारत में क्षमता की कोई कमी नहीं है, लेकिन आजादी के बाद कांग्रेस ने भारत की पूरी क्षमता को नजरअंदाज कर दिया। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि इसलिए आजादी के 6-7 दशक बाद भी भारत को वह सफलता नहीं मिली जिसका वह हकदार था। इसके दो बड़े कारण थे। लंबे समय तक कांग्रेस सरकार ने देश को लाइसेंस-कोटा राज में उलझाए रखा और उसे विश्व बाजार से अलग-थलग रखा।

# आगामी पर्व-त्योहारों पर लोगों की सुरक्षा, सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए : योगी आदित्यनाथ

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि आगामी पर्व और त्योहारों को लोग हर्ष उल्लास के साथ मनाएं और इस दौरान जनता की सुरक्षा एवं सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को उच्चस्तरीय बैठक में आगामी पर्व-त्योहारों के सुचारु आयोजन, स्वच्छता, बेहतर कानून व्यवस्था आदि महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में शासन-प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में वीडियो कांफ्रेंसि के माध्यम से समस्त मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, अपर पुलिस महानिदेशक (जोन), समस्त पुलिस आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक आदि वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता रही। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव से त्योहारों के दृष्टिगत उनकी विभागीय तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का मिशन शक्ति कार्यक्रम नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को व्यक्त करता है। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन आगामी 22 सितंबर से प्रदेशव्यापी मिशन शक्ति 5.0 की शुरूआत होगी। चरणबद्ध रूप से यह अभियान एक माह तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी संबंधित विभाग तैयारियां सुनिश्चित करें। आदित्यनाथ ने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए 21 सितंबर को महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा हर जनपद में एक बाइक रैली निकाली जाए।

## योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी को सफलता मिलने पर बधाई दी

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवारको दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) को सफलता प्राप्त करने की हार्दिक बधाई दी है। योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार की देर शाम एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्यह्यदिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करने की हार्दिक बधाई। योगी ने कहा, यह विजय एबीवीपी के दर्शन ज्ञान, शील, एकता की बढ़ती स्वीकार्यता को समर्पित है। सभी विजयी प्रत्याशियों का भविष्य उज्ज्वल हो, यही कामना है। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू)

**मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 42.c |
| न्यूनतम तापमान | 29.c |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| संसेक्स | 82,530.74 |
| निफ्टी | 25,062.10 |

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिहार के गयाजी स्थित विष्णुपद मंदिर में पिंड दान किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने पूर्वजों की आत्मा की मुक्ति के लिए बिहार के गयाजी स्थित विष्णुपद मंदिर में पिंड दान किया। विष्णुपद मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष शंभू लाल विट्ठल ने बताया कि राष्ट्रपति ने पूजा स्थल पर पिंडदान और जल तर्पण किया। पत्रकारों से बात करते हुए विट्ठल ने कहा, राष्ट्रपति ने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए फल्गु नदी के तट पर और विष्णुपद मंदिर में पिंड दान और जल तर्पण किया। ऐसा माना जाता है कि पिंड दान करने से पूर्वजों की आत्मा को शांति और मोक्ष प्राप्त होता है। हर साल पितृ पक्ष के दौरान बड़ी संख्या में हिंदू श्रद्धालु अनुष्ठान करने के लिए विष्णुपद मंदिर आते हैं। इससे पहले गयाजी हवाई अड्डे पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और राज्य मंत्री प्रेम कुमार ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति की गयाजी यात्रा के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

# शाह का कांग्रेस पर वार : जीएसटी पर वर्षों से गुमराह किया, मोदी ने संवैधानिक वादा निभाया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर उनके नेतृत्व की सराहना की और राज्यों से किए गए संवैधानिक वादे को पूरा करने के लिए उनकी सराहना की। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) एक ऐसा सुधार है जो कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों के दौरान लंबित रहा था। न्यूज 18 को दिए एक साक्षात्कार में, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा राष्ट्र को सबसे ऊपर रखते हैं। शाह ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व ने न केवल अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है, बल्कि भारत की वैश्विक स्थिति, सामाजिक कल्याण और राष्ट्रीय सुरक्षा को भी बदल दिया है।

शाह ने कहा कि जब नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने संवैधानिक गारंटी दी थी कि कर संग्रह के साथ राज्यों की राजस्व वृद्धि दर लगभग दोगुनी हो जाएगी। उन्होंने एक संवैधानिक वादा किया और उसे पूरा किया। लगभग सभी राज्यों को नवंबर तक भुगतान मिल जाएगा। वर्षों की चर्चा के बावजूद जीएसटी लागू न कर पाने के लिए कांग्रेस पार्टी की आलोचना करते हुए, शाह ने कहा, जीएसटी पर चर्चा कांग्रेस सरकार के समय से ही होती रही है, जब श्री चिदंबरम वित्त मंत्री थे और जब श्री प्रणब मुखर्जी वित्त मंत्री थे। कांग्रेस यह कहकर गुमराह करने की कोशिश कर रही है कि यह उनका विचार था। ठीक है, अगर यह आपका विचार था, तो इसे कभी लागू क्यों नहीं किया गया? उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्यों ने राजस्व में कमी की चिंताओं के कारण इस सुधार का विरोध किया था। उन्होंने आगे कहा कि सभी जानते थे कि जीएसटी से राज्यों के संसाधनों में कमी आएगी, इसलिए राज्य केंद्र से गारंटी की मांग कर रहे थे। कांग्रेस ने कभी ये गारंटी नहीं दी और न ही कभी आम सहमति बनाई, यही वजह है कि जीएसटी कभी लागू नहीं हुआ। शाह ने कहा, लोग देखते हैं कि अगर वे कर चुकाते हैं और सरकार का राजस्व बढ़ाते हैं, तो सरकार करों में कटौती के माध्यम से लाभ पहुँचाएगी, जिससे शासन में विश्वास मजबूत होता है। आजादी के बाद से यह अदृश्य था, लेकिन अब पहली बार दिखाई दे रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के एक दशक ने भारत का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने जोर देकर कहा, अगर हम उपलब्धियों की बात करें, तो ज्यादातर उपलब्धियाँ मोदी जी के कार्यकाल में ही आई हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

## राजनाथ दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को मोरक्को जाएंगे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 21 सितंबर से शुरू हो रही अपनी दो दिवसीय मोरक्को यात्रा के दौरान अफ्रीकी देश में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की एक विनिर्माण इकाई का उद्घाटन करेंगे। बेरेचिड में यह व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म अफ्रीका में पहला भारतीय रक्षा विनिर्माण संयंत्र होगा। सिंह की मोरक्को यात्रा किसी भारतीय रक्षा मंत्री की इस देश की पहली यात्रा होगी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह इकाई अफ्रीका में पहला भारतीय रक्षा विनिर्माण संयंत्र है, जो आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत भारत के रक्षा उद्योग की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति को दर्शाता है। मंत्रालय ने बताया कि इस यात्रा के दौरान सिंह मोरक्को के अपने समकक्ष अब्देलतीफ लौदियी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

## राजस्व महाअभियान समाप्त, आज तक आए 44 लाख 42 हजार आवेदन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के स्तर से चलाया जा रहा राजस्व महाअभियान 20 सितंबर (शनिवार) को समाप्त हो गया। इसमें लोगों की जबरदस्त भागीदारी देखने को मिली है। महाअभियान के तहत आयोजित किए गए विशेष शिविरों में अब तक कुल 44 लाख 42 हजार 152 आवेदन प्राप्त हुए। सबसे अधिक आवेदन जमाबंदी में त्रुटि सुधार के लिए आए हैं, जिनकी संख्या 33 लाख 34 हजार 352 है। इसके अलावा ऑफलाइन जमाबंदी को ऑनलाइन करने के लिए 5 लाख 68 हजार 751 आवेदन, उत्तराधिकार नामांतरण के लिए 2 लाख 92 हजार 020 आवेदन, जबकि बंटवारा नामांतरण हेतु 2 लाख 47 हजार 029 आवेदन शिविरों में आए हैं।

# राजस्थान में दिखा भारतीय सेना का शक्ति प्रदर्शन, किया गया 'अमोघ फ्यूरी' युद्धाभ्यास

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, भारतीय सेना की सप्त शक्ति कमान ने हाल ही में राजस्थान के थार रेगिस्तान में महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में एक प्रमुख एकीकृत अग्नि अभ्यास, जिसका कोडनाम 'अमोघ फ्यूरी' था, आयोजित किया। इस अभ्यास का उद्देश्य वास्तविक समय के युद्ध परिदृश्यों में युद्ध शक्ति, समन्वय और परिचालन तत्परता का परीक्षण करना था, जो बहु-क्षेत्रीय अभियानों के लिए सेना की तैयारी को दर्शाता है। इस अभ्यास में युद्धक टैंकों, पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों, हमलावर हेलीकॉप्टरों, लंबी दूरी की तोपों और ड्रोनों का समन्वित प्रदर्शन किया गया। इन प्लेटफार्मों को एक साथ तैनात किया गया ताकि प्रभावी आक्रामक और रक्षात्मक कार्रवाइयों के लिए जमीनी और हवाई साधनों को समन्वित करने की सेना की क्षमता का प्रदर्शन किया जा सके। 'अमोघ फ्यूरी' का मुख्य फोकस आधुनिक तकनीकों का एकीकरण था, जिसमें नेटवर्क-केंद्रित संचार, कमांड-एंड-कंट्रोल आर्किटेक्चर, और रीयल-टाइम निगरानी एवं लक्ष्यीकरण प्रणालियाँ शामिल थीं। इन क्षमताओं ने एक एकीकृत परिचालन परिदृश्य तैयार करने में मदद की, जिससे सभी इकाइयों में निर्णय लेने और समन्वय में सुधार हुआ। सेना ने कहा कि इस अभ्यास ने सभी रैंकों को यथार्थवादी युद्ध स्थितियों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया और साथ ही उभरते खतरों से निपटने के लिए प्रक्रियाओं को परिष्कृत किया। लड़ाकू हथियारों, सहायक इकाइयों और सेवाओं के बीच देखा गया तालमेल आधुनिक युद्धक्षेत्र के लिए एकजुट, तकनीक-संचालित प्रतिक्रियाएँ विकसित करने के प्रयासों को रेखांकित करता है।

# 4 लाख से अधिक शहरी क्षेत्र की महिलाओं ने रोजगार योजना में किया आवेदन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ने ग्रामीण और शहरी, हर वर्ग की महिलाओं में नई उम्मीद जगाई है। इस योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाते हुए स्वालंबी बनाने का रास्ता प्रशस्त कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहरी इलाके की महिलाएं भी बड़ी संख्या में इसका लाभ लेने के लिए रूचि दिखा रही हैं। अब तक शहरी इलाकों में कार्यरत 4 लाख 66 हजार जीविका दीदियों ने योजना के तहत आवेदन किया है। इसके साथ ही जीविका के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) से जुड़ने के लिए 4 लाख 4 हजार से ज्यादा शहरी महिलाओं ने भी आवेदन किया है। इस योजना के जल्द शुरू होने की संभावना है। इसके तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 50 लाख महिलाओं के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 10-10 हजार रुपये की पहली किस्त भेजेंगे। कुल 5 हजार करोड़ रुपये की राशि का वितरण महिलाओं के बीच किया जाएगा। ताकि वे इसकी मदद से अपना कोई कारोबार शुरू कर सकें। हर पात्र परिवार की एक महिला को यह राशि दी जानी है।

# 2015 मुम्ब्रा हत्या केसः बॉम्बे हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा को पलटा, आरोपी को किया बरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2015 में मुंबई रेलवे स्टेशन के पास अपने दोस्त की हत्या के आरोपी एक व्यक्ति की आजीवन कारावास की सजा को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि अभियोजन पक्ष का मामला एक संदिग्ध प्रत्यक्षदर्शी के बयान और मृत्युपूर्व दिए गए एक अविश्वसनीय बयान पर आधारित था। रियाज उर्फ ??बबलू मुजावर को 16 अप्रैल, 2015 को अपने दोस्त रोहित जाधव पर एक पुराने झगड़े के बाद कई बार चाकू मारने का दोषी ठहराया गया था। पुलिस ने बताया कि एक स्थानीय पान स्टॉल मालिक ने झगड़ा देखा और हमलावर के रूप में रियाज की पहचान की। रोहित के भाई रोशन ने बाद में दावा किया कि पीड़ित ने बेहोश होने से पहले रियाज का नाम लिया था। जाँचकताओं ने कथित तौर पर आरोपी की निशानदेही पर बरामद एक चाकू जब्त कर लिया, जिस पर रोहित का ब्लड ग्रुप लगा हुआ था। हालाँकि, न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की खंडपीठ ने अभियोजन पक्ष के मामले में गंभीर खामियाँ पाईं। उन्होंने कहा कि एकमात्र प्रत्यक्षदर्शी को उसका बयान दर्ज होने से पहले आधी रात से सुबह 9 बजे तक पुलिस स्टेशन में हिरासत में रखा गया था। पीठ ने कहा कि इससे स्पष्ट रूप से पता चलता है कि यह संभव है कि उसका बयान दबाव में दर्ज किया गया हो या अपनी जान बचाने के लिए दिया गया हो। इन परिस्थितियों में, हम उसके साक्ष्य पर भरोसा नहीं कर सकते। अदालत ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट का हवाला दिया। फेफड़े और लीवर पर गहरे चाकू के घाव दर्ज थे। न्यायाधीशों ने कहा, ₹यह स्वीकार करना बहुत मुश्किल था कि मृतक कुछ भी बोल पाने की स्थिति में हो, हमलावर का नाम लेकर घटना का वर्णन करना तो दूर की बात है।

# जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में मुठभेड़ में एक जवान शहीद

**जैश-ए-मोहम्मद के 4 आतंकवादी फंसे होने की आशंका**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, जम्मू-कश्मीर में पिछले 24 घंटों में आतंकवादियों के साथ लगातार मुठभेड़ें हुईं, जिससे क्षेत्र में लगातार सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ा। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में शुक्रवार को हुई मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया, जबकि जैश-ए-मोहम्मद (खीट) के तीन से चार आतंकवादी मुठभेड़ में फंसे हुए हैं।

## जम्मू-कश्मीर में मुठभेड़, 4 जैश आतंकवादी फंसे : रिपोर्ट

शनिवार सुबह, उधमपुर ज़िले के दूदू बसंतगढ़ की पहाड़ियों पर सुरक्षा बलों की जैश-ए-मोहम्मद (खीट) के तीन-चार संदिग्ध आतंकवादियों से मुठभेड़ हुई। सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर, भारतीय सेना, विशेष अभियान समूह और स्थानीय पुलिस की टीमों ने एक समन्वित अभियान शुरू किया। भीषण गोलीबारी में सेना का एक जवान घायल हो गया, जिसे तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। अपने शुरूआती बयान में, सेना ने कहा कि मुठभेड़ किश्तवाड़ के सामान्य इलाके में हुई। हालाँकि, एक नए बयान में, सेना ने कहा कि जिस इलाके में मुठभेड़ हुई वह डोडा-उधमपुर सीमा के पास स्थित है। व्हाइट नाइट्स कॉर्प के एक ट्वीट में लिखा था, आतंकवादियों से संपर्क। अपडेट संपर्क स्थल डोडा-उधमपुर सीमा है। अभियान जारी है। सुरक्षा बलों ने डुडू बसंतगढ़ की पहाड़ियों में आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया। विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए, सेना, विशेष अभियान समूह और पुलिस ने एक अभियान शुरू किया, जिसके परिणामस्वरूप गोलीबारी हुई। गोलीबारी में सेना का एक जवान घायल हो गया, लेकिन बाद में अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पिछले एक साल में इस इलाके में कई मुठभेड़ें हुई हैं। 26 जून को डुडू-बसंतगढ़ के जंगल में हुई मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी हैदर, जैश-ए-मोहम्मद का एक शीर्ष कमांडर था, जो पिछले चार सालों से इस इलाके में सक्रिय था। 25 अप्रैल को, बसंतगढ़ इलाके में छिपे आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया।

## खुफिया छापों में चीनी हथगोले बरामद

इस बीच, जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर-इंटेलिजेंस यूनिट ने एक आतंकी अपराध मामले में कश्मीर घाटी के सात जिलों - श्रीनगर, बारामूला, अनंतनाग, कुपवाड़ा, हंदवाड़ा, पुलवामा और शोपियां - में गहन तलाशी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान, पुंछ सेक्टर में सुरक्षा बलों ने 20 चीनी हथगोले सहित हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया। सूत्रों ने बताया कि हथियारों की यह खेप हाल ही में फेंकी गई थी और आतंकवादियों की योजना इसे आतंकी गतिविधियों के लिए दूरदराज के इलाकों में ले जाने की थी। उन्होंने आगे बताया कि समय पर मिली खुफिया जानकारी ने इस साजिश को नाकाम करने में मदद की। छापेमारी में कुछ डिजिटल उपकरणों और दस्तावेजों सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।

## संक्षेप

### किसान सम्मान निधि पाने वाले सभी किसान बनेंगे एम-पैक्स सदस्य

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : प्रदेश में किसान सम्मान निधि पाने वाले किसानों को बिना किसी झंझट के बहुद्देशीय प्रारंभिक कृषि ऋण समितियों (एम-पैक्स) से खाद-बीज, कीटनाशक के साथ ही अन्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। सहकारिता विभाग सम्मान निधि पाने वाले सभी किसानों को एम-पैक्स का सदस्य बनाने जा रहा है। सदस्य बनाने के लिए इन किसानों से विभागीय कर्मचारी संपर्क कर रहे हैं। राज्य में मौजूदा समय में ग्रामीण क्षेत्रों में 8161 एम-पैक्स हैं। करीब एक करोड़ किसान इन एम-पैक्स के सदस्य हैं। विभाग ने अब एम-पैक्स की संख्या बढ़ाने के साथ ही अधिक से अधिक किसानों को सदस्य बनाने की योजना पर काम शुरू किया है। प्रदेश के सभी किसान एम-पैक्स का सदस्य बनें, इसके लिए सहकारिता विभाग ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थी किसानों को सदस्य बनाए जाने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर के मुताबिक हर ब्लाक में किसान सम्मान निधि पाने वाले किसानों की सूची तैयार की गई है। सूची के आधार पर सहकार सारथी, पैक्स सचिव और अन्य कर्मचारी इन किसानों से संपर्क कर रहे हैं। ऐसे किसानों से भी संपर्क किया जा रहा है जो एम-पैक्स से यूरिया और डीएपी लेते हैं लेकिन सदस्य नहीं हैं।

#### सदस्यता से जिला सहकारी बैंकों का कारोबार बढ़ा

प्रदेश में 12 सितंबर से एम-पैक्स सदस्यता अभियान शुरू किया गया है जो 12 अक्टूबर तक चलेगा। इस अभियान के तहत सदस्य बनने वाले किसानों का जिला सहकारी बैंकों में खाता खुलवाया जा रहा है ताकि इन किसानों को कम ब्याज पर कृषि ऋण के साथ ही बैंकिंग की अन्य सुविधाएं दी जा सकें। अभियान के तहत 19 सितंबर तक 8561 खाते खुले, जिनमें से 3325 खाते एम-पैक्स के नये सदस्यों ने खुलवाए। नये खातों से बैंकों में 21.84 करोड़ रुपये जमा हुए।

# डॉ. राजेश्वर सिंह की 48वीं रामरथ यात्राः आस्था और सेवा का अनुपम संगम

## अयोध्या के दर्शन, डॉ. राजेश्वर सिंह के संकल्प से हुए सरल

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा 27 सितंबर 2022 को प्रारंभ की गई 'रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा' बस सेवा सरोजनीनगर के श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम के अलौकिक आलोक से जोड़ने वाली दिव्य परंपरा बन चुकी है।

इसी क्रम में शनिवार को, 48वीं यात्रा के अंतर्गत श्री जगदम्बेश्वर महादेव मंदिर, सेक्टर-ङ, आशियाना से श्रद्धालुजन भावविभोर होकर उस पावन अयोध्या नगरी को पहुंचे, जो भगवान श्रीराम की जन्मस्थली, मोक्षदायिनी सप्तपुरियों में प्रथम और भगवान विष्णु की आदि पुरी के रूप में विख्यात है। इस यात्रा ने न केवल धार्मिक आस्था को बलवती किया है, बल्कि सामाजिक समरसता और परस्पर सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित किया है।

### विधायक की टीम का का सेवाभाव :

डॉ. राजेश्वर सिंह की टीम के वालंटियर्स यात्रा के दौरान स्वयं को रामदूत मानकर तीर्थयात्रियों की हर सुविधा का ध्यान रखते हैं। घर से लाने-ले जाने की व्यवस्था, यात्रा के प्रत्येक पड़ाव पर सहज और सुविधाजनक अनुभव, भोजन-जलपान और प्रसाद की स्नेहपूर्ण व्यवस्था जैसे कार्यों को पूर्ण निष्ठा और सेवाभाव से संपन्न किया जाता है। यह यात्रा विधायक की माता तारा सिंह जी के आशीर्वाद से प्रेरित और पोषित स्मृतियों की एक ऐसी धारा है, जो हर श्रद्धालु के हृदय को आलोकित करती है।

### सामाजिक और धार्मिक महत्व :

'रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा' केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का एक अनूठा प्रयास है। यह पहल सरोजनीनगर के निवासियों को भगवान श्रीराम के आदर्शों और अयोध्या की पवित्रता से जोड़कर उनके जीवन में आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों को पुनर्जनन करती है। निःशुल्क बस सेवा के माध्यम से हर वर्ग के लोग, विशेष रूप से वे जो आर्थिक या अन्य कारणों से अयोध्या दर्शन से वंचित रह जाते थे, अब इस पावन यात्रा का हिस्सा बन रहे हैं।

### डॉ. राजेश्वर सिंह का संकल्प :

डॉ. राजेश्वर सिंह ने इस यात्रा को एक अनवरत परंपरा बनाने का संकल्प लिया है। उनके इस प्रयास ने न केवल सरोजनीनगर के निवासियों के बीच विश्वास और आस्था को मजबूत किया है, बल्कि यह सेवा अन्य क्षेत्रों के लिए भी एक प्रेरणादायी उदाहरण बन चुकी है। इस पहल ने सामाजिक समावेशिता को बढ़ावा देते हुए समाज के हर तबके को एकजुट करने का कार्य किया है।

### आगे की राह :

'रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा' सरोजनीनगर के परिवारजनों के हृदयों को हमेशा आलोकित करती रहेगी। डॉ. राजेश्वर सिंह का यह अभियान न केवल धार्मिक आस्था को प्रोत्साहित करता है, बल्कि सामाजिक एकता, सेवा और समर्पण की भावना को भी जीवंत रखता है। यह यात्रा भविष्य में भी अनवरत जारी रहेगी, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु अयोध्या धाम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त कर सके।

# गोकशी के इरादे से गायों को जंगल में इंजेक्शन लगाकर बेहोश करने की सूचना से मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम गोकशी के इरादे से गायों को जंगल में इंजेक्शन लगाकर बेहोश करने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि ऐसा कोई मामला नहीं, बल्कि कूड़ा घर में कोई नशीला पदार्थ खाने से वह अचेत हो गई थी। हालाकि बाद में पशु चिकित्सकों ने इलाज शुरू किया, जिसके बाद उनकी हालत बेहतर बताई जा रही है। बताते हैं कि बंथरा के उम्मेद खेड़ा रोड स्थित कूड़ा घर के पास शनिवार देर शाम करीब 8 बजे यहां के अंबरपुर में रहने वाली गंगा देवी की एक गाय और दुलीचंद की एक गाय सहित तीन गायें अचेत अवस्था में पड़ी थी। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने उन्हें बेसुध हालत में देख बंथरा व्यापार मंडल के महामंत्री पिंटू तिवारी को इसकी सूचना दी। इसी बीच पुलिस को किसी ने सूचना दी कि गोकशी के इरादे से किसी ने इन्हें इंजेक्शन लगाकर बेहोश कर दिया है। यह सूचना मिलते ही पुलिस के हाथ पाँव फूल गए। वहीं इसकी जानकारी मिलने पर आसपास ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने पशु चिकित्सकों को बुलाया। इसके बाद पशु चिकित्सकों ने जांच की तो पता चला कि तीनों गायों ने कूड़े घर में पड़े किसी नशीले पदार्थ को खा लिया है। जिसकी वजह से उनकी यह स्थिति हो गई। हालाकि बाद में चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू किया और कुछ देर बाद उनके स्वास्थ्य में सुधार हो गया। फिलहाल तीनों गायों की हालत बेहतर बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि गोकशी को लेकर गायों को इंजेक्शन लगाने की बात गलत है, बल्कि जहरीला पदार्थ खाने से उनका स्वास्थ्य बिगड़ा था।

# मिशन शक्ति को लेकर गोसाईगंज ब्लॉक सभागार में हुआ कार्यक्रम



अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज ।मिशन शक्ति को लेकर गोसाईगंज ब्लॉक सभागार में शनिवार को प्रभारी एडीओ आईएसबी प्रशांत सक्सेना की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में सम्मिलित हुई। कार्यक्रम में आई महिलाओं को महिलाओं के अधिकार व सुरक्षा के बारे में प्रशांत सक्सेना ने विस्तार से जानकारी दी और महिलाओं को प्रगति के पथ पर बढ़ने के तमाम गुण बताए। सरकार मिशन शक्ति को लेकर लगातार कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश अधिकारियों को दे रही है उसी कड़ी में इस कार्यक्रम का आयोजन गोसाईगंज विकासखंड सभागार में किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन को भी सुना व कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। आई हुई सभी महिलाओं के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था भी की गई थी।

# एसडीएम अंकित शुक्ला की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ आयोजित

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर तहसील कार्यालय में शनिवार को एसडीएम अंकित शुक्ला की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कल्ली पश्चिम निवासी मनीराम रावत एडवोकेट ने आरोप लगाया कि लेखपाल जितेंद्र प्रकाश और कानूनगो द्वारा विक्रय जमीन की गलत रिपोर्ट लगाई गई, जिससे अवैध कबजेदारों का दाखिल-खारिज हो गया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने गाटा संख्या 1396 को नक्शे में वास्तविक से बड़ा दिखाकर फर्जी क्रेता और अवैध कब्जेदारों को लाभ पहुंचाया है। साथ ही आरोप लगाया कि गाटा संख्या 1395 पर अवैध तरीके से रजिस्ट्री कराकर निर्माण कार्य भी कराया जा रहा है। मनीराम रावत ने लेखपाल और कानूनगो को तहसील से हटाने की मांग की। इसी प्रकार पलेहन्दा के अमरपाल, चंद्रपाल, दिनेश कुमार और रामशंकर ने शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने अन्दपुर देव स्थित गाटा संख्या 756, 1016, 1037स व 1002 खरीदी थी, जो उनके पिता स्व. घसीटे के नाम खतौनी में दर्ज थी। उन्होंने कहा कि पिता की मृत्यु के बाद वर्ष 2024 में वरासत दर्ज कराकर जमीन अपने नाम करा ली। लेकिन जब खेती करने पहुंचे तो पता चला कि उनकी जमीन पर भू माफियाओं ने फर्जी प्लॉटिंग कर बाउंड्री खड़ी कर दी है। पीड़ितों ने मांग की कि उनकी पुश्तैनी जमीन की सही पैमाइश कराकर कब्जा दिलाया जाए। वहीं जुनाबगंज मजरा सराय शहजादी निवासी रामशंकर ने आरोप लगाया कि उनके मकान के पास बनी पक्की नाली को हटाकर ग्राम प्रधान और सचिव पाइप डालकर रास्ता ऊंचा करा रहे हैं। इससे बरसात का पानी उनके घर में भरने की आशंका है। आरोप लगाया कि जब सचिव को फोन कर बात करने की कोशिश की तो संबंधित सचिव धमकाने लगा। उधर संपूर्ण समाधान दिवस में तमाम अन्य फरियादियों ने भी अपनी शिकायतें दर्ज कराई। जिस पर अधिकारियों ने संबंधित जिम्मेदारों को उनका निस्तारण करने के आदेश दिए। इस मौके पर तहसीलदार सुखबीर सिंह, डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल, कृष्णा नगर एसीपी विकास पांडे सहित कई अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# लोकबंधु हॉस्पिटल के नर्सिंग ऑफिसर नवीन हुए सम्मानित





अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।बॉलीवुड के मशहूर अभिनेत्रियों द्वारा सम्मानित किये गये लोकबंधु हॉस्पिटल के नर्सिंग ऑफिसर योगाचार्य पं नवीन ।योग के क्षेत्र मे अपना कीर्तिमान बनाने वाले विख्यात योग गुरु लोकबंधु मे नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत योगाचार्य पं नवीन को योग और समाजसेवा की सराहना फिल्मी जगत के सितारों द्वारा की जा रही है ।लखनऊ के चारबाग मे स्थित होटल टोबो स्याना रेजिडेंसी मे आयोजित सम्मान समारोह मे मशहूर अभिनेत्री मन्नारा चोपड़ा द्वारा जहाँ एक तरफ पं नवीन को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया वही लखनऊ के बुड्ढेश्वर स्थित माँ कृपा हॉल मे आर. जे. फिल्म द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और भोजपुरी फिल्मी स्टार मोनालिसा ने पं नवीन को अवार्ड देकर नवाजा और सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की ।पं नवीन ने अपने सम्बोधन मे जानकारी देते हुए बताया की योग योग मानव की सोच को सकारात्मक बनाता है और आत्मविश्वास को मजबूत बनाता है ह्

# बाहर सो रहे कई लोगों पर सियार ने किया हमला

### काटने से एक अधेड़ महिला सहित चार लोग घायल

अमल लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा के नरेरा गांव में बीती रात घरों के बाहर सो रहे कई लोगों पर एक सियार ने हमला कर दिया। उसके काटने से एक अधेड़ महिला सहित चार लोग घायल हो गए। उन्हें पास के निजी अस्पताल में इलाज कराना पड़ा। सियार ने बाहर बंधी गाय की एक बछिया पर भी हमला कर उसे चोटिल कर दिया। हालाकि बाद में गुस्साए ग्रामीणों ने सियार को दौड़ाकर मार डाला। बताते हैं कि नरेरा गांव निवासी शिव दर्शन (55) शुक्रवार रात घर के बाहर सो रहे थे। तभी अचानक पहुंचे एक जानवर ने उनके ऊपर हमला कर हाथ में काट लिया। इस घटना से वह चिल्लाने लगे। बाद में देखा तो वह सियार था। इसी बीच पड़ोस में सो रही रामखेलावन की पत्नी ननकई (56) के पास सियार पहुंचा और उनके हाथों में काट लिया। वह भी उस दौरान सो रही थी। अचानक सियार के हमले से वह घबराकर चिल्लाने लगी। शोर गुल सुनकर घरों से अन्य लोग बाहर निकल पड़े। इसी दौरान सियार ने पड़ोस में सो रहे जगन्नाथ शर्मा (36) के ऊपर भी हमला कर दिया। इतना ही नहीं सियार ने शिवदर्शन की बाहर बंधी गाय की बछिया को भी अपने हमले का शिकार बनाया। इसके अलावा 32 वर्षीय अखिलेश यादव पर भी हमला कर दिया। काफी शोरगुल मचने पर लोगों ने सियार को दौड़ा लिया और बाद में गांव के बाहर उसे घेर कर मार डाला। वहीं सियार के हमले से चारों लोग घायल हो गए। सभी का पास के निजी अस्पताल में इलाज कराया गया है।

# विश्व सफाई दिवस पर वार्डों में चला स्वच्छता अभियान

### पीएसआई इंडिया व एचसीएल फाउंडेशन के ह्यस्वच्छ उदयह्न कार्यक्रम के तहत हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ, 21 सितम्बर। विश्व सफाई दिवस पर शनिवार को बालागंज वार्ड के छन्दयुयान का खेड़ा व कुंवर ज्योति प्रसाद वार्ड के मलिन बस्ती में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का सुभारम्भ वार्ड पार्षद कमलेश पटेल ने किया। अभियान नगर निगम के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और एचसीएल फाउंडेशन के स्वच्छ उदय कार्यक्रम के सहयोग से चलाया गया।

अभियान के तहत मोहल्ले की गलियों में नगर निगम कर्मचारियों के सहयोग से साफ-सफाई करायी गयी। नालियों व वाटर स्टैंड पोस्ट के आस-पास मच्छरों से बचाव व उनके प्रजनन को रोकने के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया व फागिंग की गयी। इसके साथ ही पीएसआई इंडिया की टीम ने मोहल्ले में घर-घर जाकर लोगों को अपने घर व आस-पास साफ-सफाई रखने के बारे में जागरूक किया। स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखकर बीमारियों से लोगों को सुरक्षित बनाना था। यह अभियान कुछ बस्तियों में शुक्रवार को भी चलाया गया था।

ज्ञात हो कि पीएसआई इंडिया और एचसीएल फाउंडेशन नगर निगम के सहयोग से लखनऊ के 26 वार्डों में स्वच्छ उदय कार्यक्रम चला रहे हैं। इसके तहत मोहल्लों में साफ-सफाई, पानी का सही रखरखाव और कूड़ा पृथक्करण पर समुदाय में लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

# 100 की रफ्तार में थार ने ओवरलोड ई-रिक्शा को मारी टक्कर, दो की मौत; छह घायल

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। कैंट स्थित बनिया चौराहे के पास शनिवार रात 100 की रफ्तार में थार सवार ने ओवरलोड ई-रिक्शे में टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा सवार आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया। अन्य छह का केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। उधर, घटना के बाद थार चालक मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश में दो टीमें लगाई गई है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) मध्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि घटना में निगोहां के कुमीखेंड़ा निवासी मोहित कुमार व उमेश साहू की मौत हुई है। जांच में सामने आया कि उमेश ई-रिक्शा चलाता है। निगोहां में ही रहता है, शनिवार को मोहित दोस्त उमेश अंश, प्रमोद, अनुज, सुमित, भूपेंद्र, आरूष के साथ झूलेलाल स्थित खाटू श्याम मंदिर दर्शन करने के लिए गए थे। दर्शन करने के बाद सभी लोग घर लौट रहे थे। बनिया चौराहे के पास पहुंचे थे, तभी सामने से आ रही 100 की रफ्तार में थार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा घिसटता हुआ चला गया। छिटकर गिरने से मोहित, उमेश समेत अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। तबतक थार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया, जहां मोहित और उमेश को मृत घोषित कर दिया। अन्य का केजीएमयू ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। डीसीपी ने बताया कि थार को जब्त कर लिया गया है। चालक की तलाश में दो टीम लगाई गई है। जल्द ही फुटेज की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### छह महीने पहले हुई थी मोहित की शादी

पिता रामस्नेही ने बताया कि नौ पहले बेटे मोहित की शादी की थी। पत्नी संध्या तीन महीने की गर्भवती है। परिवार में वह ही कमाने वाला था। उसकी मौत से पूरे परिवार में मातम पसर गया। संध्या को तो होश ही नहीं आया। उसे किसी तरह संभाला जा रहा है।

# लखनऊ पलासियो मॉल में ठांय-ठांय

## शराब पीने से रोकने पर गार्ड और सुपरवाइजर को मारी गोली; चार गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पलासियो माल में शुक्रवार रात टानिक बार के बंद होने के बाद शराब पीने से रोकने पर दबंगों ने गार्ड और सुपरवाइजर को गोली मार दी। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली चलने से माल में अफरा-तफरी मच गई। माल के गार्डों ने आरोपितों को घेर कर लाटी डंडो से जमकर पिटाई की जिसका वीडियो शनिवार को वायरल हो गया। पुलिस ने इस मामले में सुपरवाइजर अनुज चौधरी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर एक महिला डाक्टर समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर दूसरे पद्व के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि गिरफ्तार सुशांत गोल्फ सिटी निवासी डा. स्वाति, संतकबीरनगर के खलीलाबाद निवासी रोहित पटेल, अंसल निवासी प्रिंस वर्मा और गोमतीनगर के विनम्रखंड निवासी हर्ष मिश्रा हैं। स्वाति पेशे से डा. हैं और वर्तमान में कन्नौज में तैनात हैं, जबकि प्रिंस शराब ठेकेदार है। पुलिस ने बताया कि रोहित की गाड़ी से सभी घूमने निकले थे। रोहित और प्रिंस बाहर चले गए थे, जबकि हर्षा और स्वाति बार के अंदर ही थे। जब गार्ड आए और बाहर जाने के लिए कहने लगे, तो विवाद शुरू हो गया। विरोध करने पर गाली-गलौज हुआ और हर्ष ने रोहित की लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी। दो गोली सुपरवाइजर और गार्ड को लगी जिससे वे घायल हो गए। गोली चलती देख गार्डों ने उन्हें घेर लिया और डंडे व अन्य चीजों से मारना शुरू कर दिया। इस मामले का वीडियो माल में मौजूद लोगों ने बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पिस्टल और पांच कारतूस जब्त कर चारों आरोपितों को हत्या के प्रयास के आरोप में जेल भेज दिया गया है। इसके अलावा, वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए गार्डों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया जा रहा है और वीडियो के आधार पर चिन्हित कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। सुपरवाइजर अनुज चौधरी ने बताया कि शुक्रवार रात दो बजे टानिक बार में पुरुषोत्तम पांडेय, प्रद्युम्न समेत अन्य लोग बार को बंद करवा रहे थे, तभी बार में हर्ष मिश्रा उलझ गया और कर्मचारी का कालर पकड़ लिया। स्वाति भी गाली देने लगी। मारपीट शुरू हो गई तो गार्डों ने उन्हें बाहर करने की कोशिश की। गार्ड उन्हें दक्षिणी गेट के पास ले गए जहां उनकी गाड़ी खड़ी थी। वहां रोहित और प्रिंस मौजूद थे और उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। तभी स्वाति ने कहा कि गाड़ी से पिस्टल निकालकर इन्हें जान से मार दो। हर्ष ने गाड़ी से पिस्टल निकाली और फायरिंग शुरू कर दी। प्लासियो माल में पहली बार इस तरह की घटना नहीं हुई है। इससे पहले भी यहां गोली चली थी। स्थानीय लोगों को कहना है कि माल के पास पुलिस बूथ है, लेकिन गश्त नहीं होती है।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट, तीन घायल, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शनिवार को माल थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव में वर्षों पुराने जमीन विवाद ने उग्र रूप ले लिया। सुबह अचानक दो पक्षों के बीच कहासुनी ने हिंसक रूप धारण कर लिया और लाठी-डंडे चल गए। इस घटना में एक पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रेफर कर बलरामपुर अस्पताल भेजा गया है। पूरे गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

### तीन लोग घायल, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को पीआरवी की मदद से सीएचसी माल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने अशोक कुमार, उनके बेटे करन और बेटी रोली की हालत गंभीर बताकर बलरामपुर रेफर कर दिया। मारपीट की घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे गांव में सनसनी फैल गई है।

### आरोप : घर में घुसकर की गई पिटाई

घायल पक्ष की ओर से आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका संतोष कुमारी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि घटना के समय वह ड्यूटी पर थीं। इसी दौरान गांव के ही सुखदेव, रामबली, आशीष, कृष्ण कुमार, सुशील कुमार, खग्गा सहित करीब दर्जन भर लोग एकराय होकर उनके घर पहुंचे और गालियां देने लगे। विरोध करने पर पति अशोक कुमार, पुत्र करन व पुत्री रोली को घर से घसीटकर बाहर लाकर बेरहमी से पीटा गया।

### पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, तीन हिरासत में

पुलिस ने तहरीर के आधार पर 12 नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए तीन आरोपियों झ्र राधाकृष्ण, अंशु मौर्य और मोहित मौर्य को हिरासत में ले लिया है। उत्तरी डीसीपी के निर्देशन में मामले की जांच चल रही है।

### दूसरा पक्ष भी पहुंचा थाने, लगाए गंभीर आरोप

वहीं दूसरे पक्ष की ओर से कृष्ण कुमार ने भी पुलिस को शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि अशोक, करन और रोली ने लाठी-डंडा और बांका लेकर उनके घर पर हमला किया। करन द्वारा सर पर बांका मारे जाने का आरोप है, वहीं रोली ने उंगली में काट लिया। घटना में हस्तक्षेप करने आई कृष्ण कुमार की मां रामदुलारी और भाई की पत्नी सरिता मौर्या को भी मारपीट का शिकार बनाया गया। सरिता मौर्या चार माह की गर्भवती हैं, जिन्हें पेट में चोट लगने से गंभीर तकलीफ हुई है। कपड़े फटने और अभद्रता का भी आरोप लगाया गया है।

### पुलिस दोनों पक्षों से जुटा रही साक्ष्य

माल थाना पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुटी है। थाना प्रभारी ने बताया कि वीडियो फुटेज व चश्मदीदों के बयान के आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## संक्षेप

### गैर प्रांत में मजदूरी कर घर वापस जा रहे युवक की ट्रेन दुर्घटना में मौत

उन्नाव। गुजरात से मजदूरी करके घर लौट रहे बस्ती के एक युवक की उन्नाव में ट्रेन हादसे में मौत हो गई। मृतक की पहचान बनतला गांव के निक्कू (32) के रूप में हुई है। वह गुरुवार को ट्रेन से अपने घर बस्ती लौट रहा था। उन्नाव सदर क्षेत्र में यह हादसा हुआ। गुरुवार को रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात शव मिला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की कोशिश की। शनिवार को परिजनों ने शव की पहचान निक्कू के रूप में की। परिजनों के मुताबिक वह दो दिन पहले ही गुजरात से घर के लिए निकला था।निक्कू चार भाइयों और एक बहन में चौथे नंबर का था। उसके दो बच्चे हैं - एक बेटा और एक बेटी। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। पत्नी और परिजन शोक में हैं। स्थानीय पुलिस के अनुसार, निक्कू ट्रेन से यात्रा कर रहा था और दुर्घटना का शिकार हो गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले की जांच जारी है।

### दुकान का शटर तोड़कर उसमें रखी नगदी चोरों ने किया पार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के बड़े चौराहे पर स्थित गुरुनानक बेकरी में चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर उसमें रखी नगदी पार कर दिया सुबह जब दुकान स्वामी को मालूम हुआ तो उसके होश उड़ गए पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है दुकान के मालिक सुरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि चोरों ने शटर तोड़कर दुकान में रखी गुल्लक से 4 से 5 हजार रुपए चुरा लिए। दुकान में रखे अन्य सामान को चोरों ने नहीं छुआ कोतवाली सदर की फील्ड यूनिट ने बेकरी में चोरी के मामले में घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगालेगी। बेकरी मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### महिला को पीट-पीटकर छीने जेवरात दर्ज हुआ मुकदमा

पाटन, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत विवाहिता को मार पीट कर जेवर छीन लिए जाने की तहरीर पर पुलिस ने दहेज एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के छाछी राई खेडा निवासिनी अफसाना पुत्री अंसार अली ने तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार 14 मई 2022 को मो0 हसन पुत्र स्व0 मेहदी हसन ग्राम छिवलहा थाना सरेनी रायबरेली के साथ हुई थी। परिवार वाले अक्सर और पैसों की मांग किया करते है। सोमवार रात 9 बजे मेरे पति, जेठानी शायरा बानो पत्नी अली हसन, सास जमा पत्नी स्व० मेहदी हसन मेरे घर आये व गन्दी 2 गालियां देने लगे और मेरे बाल पकड़ कर घसीट कर लात घूसो से मारने पीटने लगे जिससे मेरी बायी आंख, पीठ एंव शरीर में अन्दरुनी चोटे आयी है। मेरे एक लड़का आर्सियान शेख उम्र डेढ़ साल है। इसके पहिले में ससुराल में थी तो सारा जेवर छीन लिया था। जबकि मेरे पति के सम्बन्ध किसी दूसरी औरत से है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की शिकायतें, दिया गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश की उपस्थिति में जनपद की तहसील सफीपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में आने वाली फरियादियों की शिकायतों को एक-एक करके गंभीरता से सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए ।तहसील दिसव समापन के पश्चात जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादी की शिकायत के निस्तारण का फीडबैक अवश्य लिया जाय शिकायत कर्ता की संतुष्टि आवश्यक है । कहा की जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से फीडबैक लें। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के संबंध में कोई भी लापरवाही ना हो यह माननीय मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में है । जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी शिकायतें आज प्राप्त हुई हैं उनका सम्बन्धित अधिकारी प्राथमिकता के साथ गुणवत्ता पूर्ण समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा की राजस्व सम्बन्धी चकरोड पैमाइश अवैध कब्जे संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता से लेकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो। जिलाधिकारी ने कहा सभी विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कोई भी शिकायत लंबित न रखी जाए समय रहते उसका गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित हो ।यह भी सुनिश्चित करें कि किसी भी शिकायत की पुनराबृत्ति न हो। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व पुलिस विकास शिक्षा चिकित्सा समाज कल्याण विद्युत व अन्य विभिन्न विभागों सहित कुल 144 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमे से 11 शिकायत का निस्तारण मौके पर हुआ है शेष शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को दिये। संपूर्ण समाधान दिवस के समापन के पश्चात जिला अधिकारी ने जनपद के पांच मत्स्य पालकों ,07 कुम्हारी कला, 06 कृषक दुर्घटना योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया ।साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लेख पालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने मत्स्य पालकों व कुम्हारी कला,के लाभार्थियों से संबंधित बिंदुओं पर जानकारी लेकर कहा कि ईमानदारी से मेहतन करें आपकी की आर्थिक स्थिति सुद्दढ हो सकेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बाल विकास परियोजना श्रम विभाग महिला कल्याण समाज कल्याण के विभागीय योजनाओं की जागरूकता विषयक लगे स्टालों का अवलोकन कर जानकारी ली,साथ ही तहसील में उपजिलाधिकारी कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी सफीपुर शिवेंद्र कुमार वर्मा परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह जिला विकास अधिकारी देव चतुवेर्दी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी महाबीर सिंह जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र तहसीलदार सफीपुर सहित अन्य सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

## भाजपा द्वारा प्रबुद्ध सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी के सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत श्याम कला रिसॉर्ट बांगरमऊ में भाजपा द्वारा प्रबुद्ध सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद पूर्व उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश दिनेश शर्मा जी का जगह-जगह कार्यकताओं ने स्वागत किया। कार्यक्रम में पहुंचने के पूर्व सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण उन्होंने नमन किया एवं शहीद ठाकुर जसा सिंह स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की साथ ही परिसर में वृक्षारोपण किया ।कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने उन्हें अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। प्रबुद्ध जनों को संबोधित करते हुए विधायक श्रीकान्त कटियार ने कहा कि प्रबुद्ध जन समाज को एक नई दिशा देने का काम करते हैं ।समाज को जागरूक करके एक अच्छे समाज के निर्माण में भी प्रबुद्ध जनों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। मुख्य अतिथि दिनेश शर्मा जी उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्नाव वीरों की धरती है तपोवन की धरती है ।सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम चल रहा है ।भाजपा की सरकार का प्रथम कार्य गरीब की सेवा है ।मोदी जी के जन्मदिन से यह अभियान चालू हुआ है और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म जयंती 2 अक्टूबर तक यह अभियान चलेगा। उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल आज वोट चोरी की बात करते हैं क्योंकि उनकी पार्टी का केवल एक ही मकसद रहा है कि फूट डालो राज करो ।लेकिन मोदी जी के शासन में यह संभव नहीं हैं पारदर्शी, निष्पक्षता और बिना हिंसा के आज चुनाव होते हैं देश का युवा, गरीब, किसान, महिला सब मोदी जी के साथ है ।विपक्षी पार्टियों को यही हैरानी है लेकिन शायद वह नहीं जानते कि पूरे देश में जहां जहां भाजपा की सरकारे हैं वहां सेवा भाव के माध्यम से गरीबो को सरकारी योजनाओं का लाभ सरकार द्वारा दिया जा रहा है ।उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तो उत्तम बन ही रहा है साथ ही गुण्डागर्दी, माफियागिरी खत्म करने का काम योगी जी ने किया है ।कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी,सदर विधायक पंकज गुप्ता,सफीपुर विधायक बम्बालाल दिवाकर,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह,जिला महामंत्री आशीष बाजपेई,बांगरमऊ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुनलाल दिवाकर, फतेहपुर चौरासी मनोज निषाद,चेयरमैन बांगरमऊ रामजी गुप्ता,फतेहपुर चौरासी मिथलेश जायसवाल,ऊगू चेयरमैन प्रतिनिधि अनुज दीक्षित,मंडल अध्यक्ष गोविन्द कुशवाहा,जगजीत राजपूत,संदीप सिंह,अजय द्विवेदी,सोनू सिंह एवं भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सपासी में एक बीस वर्षीय युवक का शव गांव के बाहर खेतों में नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर संदिग्ध अवस्था में लटकता मिला है ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतार पोस्टमार्टम को भेजा है। सुपासी गांव निवासी रामकुमार का 20 वर्षीय पुत्र अभिषेक उर्फ खन्नू गांव में रहकर एक टेंट हाउस में काम करता था शनिवार सुबह करीब नव बजे खेतों में काम करने गए किसानों ने उसका शव गांव से आधा किमी दूर खेतों में नाले के किनारे खड़े नीम के पेड़ से लटकता देखा ।जिसकी सूचना उसके परिजनो को दी ।घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया ।मौके पर भारी भीड़ लग गई। गांव के सोनू यादव की सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक एलएन द्विवेदी ने शव को नीचे उतरवा कर आवश्यक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम को भेजा है ।घटना को लेकर गांव में तरह तरह की चचाएं व्याप्त है ।लोग अक्सर उसे किसी से घंटों फोन पर बात करते देखा करते थे जिससे प्रेम प्रसंग की भी चचाएं रही है ।मृतक पांच भाइयों में सबसे छोटा बताया जा रहा है अभी शादी नहीं हुई थी।



## पर्यावरण गोष्ठी व वरिष्ठ जन सम्मान समारोह का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। भगवंतनगर के पतारी निराला इंटर कॉलेज में शनिवार को कुटी वीर बाबा सेवा संस्थान असोहा की तरफ से पर्यावरण गोष्ठी व वरिष्ठ जन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात विद्यालय संस्थापक स्व० मन बोधन बाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर शुरू हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष सेवा संस्थान व पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ अशोक बाजपेयी ने पर्यावरण संरक्षण पर बल देते हुए कहा पेड़ लगाने, कचरे का सही तरीके से वियोजन करने, जैविक कचरे से खाद बनाने, और सूखे पत्तों को जलाने से रोकने के लिए सभी को मिल कर आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में लखनऊ से पहुँचे अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक डॉ बीरेन्द्र सिह ने पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले वायु व प्लास्टिक प्रदूषण पर चर्चा करते हुए पौधरोपण पर बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाया। इस दौरान कुटी वीर बाबा सेवा संस्थान के अध्यक्ष संजय शुक्ला ने क्षेत्र के वरिष्ठ लोगो मे दीना महाराज,शैल कुमार सिंह,डॉ रॉज,मुन्ना सिंह,रज्जन शुक्ला,बृज मोहन सिंह,सहित करीब आधा सैकड़ा लोगो को अंगवस्त्र देकर व प्रतिमा देकर सम्मानित भी किया । करीब सौ लोगों को आम, अमरुद, मौसमी, आंवला, कटहल और तुलसी के करीब तीन सौ पौधे वितरित कर उन्हें पौध रोपण के पश्चात सुरक्षा का संकल्प भी दिलाया गया ।इस मौके पर नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव ,विद्यालय संरक्षक सुंदर लाल बाजपेयी,प्रधानाचार्य ओम प्रकाश रावत,आनंद मोहन द्विवेदी, अंकित अवस्थी,बृज किशोर तिवारी,महेश सिंह,योगेंद्र सिंह,मोहित दीक्षित, पवन शुक्ला,अंकित पांडेय, अनूप शुक्ला, मनोज शुक्ला, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पितृपक्ष में कौवों का कोलाहल हुआ गायब

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। पितृपक्ष में कौवे को भोजन देना शुभ माना जाता है घरों के ऊपर छतों व छप्परों पर भोजन के लिए पहले मडराया करते थे अब कौवे बहुत कम नजर आते हैं पेड़ों के कटान कीटनाशक दवाओं का छिड़काव इंटरनेट मुख्य कारण है पितृपक्ष का समापन आज रविवार से हो रहा है पितृपक्ष में पूर्वजों के जमाने से अपने पूर्वजों को अपने पूर्वजों के रीति रिवाज के अनुसार भोजन बना करके सबसे पहले आंगन में पूजा पाठ करते हुए बने हुए पकवान को भोजन को लोग छतों छप्परों में रख देते हैं उस भोजन को पक्षी मुख्य रूप से कौवा खाया करते थे उसे शुभ माना जाता है कौवा को यमराज का रूप माना जाता है वहीं कुछ भोजन को गाय कुत्ता को भी खिलाना पितृपक्ष में शुभ माना जाता है समय परिवर्तन के साथ ही गांव में पक्के मकान लगभग बन गए कुछ ही घरों में छप्पर बच्चे हैं लोगों के द्वारा आधा धुंध हरे पेड़ों के कटान से जंगल समाप्त हो रहे हैं वही फसलों में कीटनाशक दवाओं के प्रयोग होने से पक्षी विलुप्त होते जा रहे हैं जो नई पीढ़ी अब उन पक्षियों को केवल चिड़ियाघरों में ही देख पाएगी व किताबों में पढ़ पाएगी कौवा सहित पक्षियों की कोलाहल जो सुबह होती थी वह समाप्त हो रही है

## चोर लगातार दे रहे अंजाम तीन घरों में चोरों ने बोला धावा, लाखों का सामान किया पार

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में लगातार चोरियों को अंजाम देकर अज्ञात चोर थाना पुलिस के लिए सरदर्द बनते जा रहे है किंतु चोर पुलिस के बीच चल रहे इसे खेल में अभी तक पुलिस को कामयाबी नहीं मिल सकी है जिससे हौसले बुलंद चोर घटनाओं को अंजाम देते जा रहे है ।इसी क्रम में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक शिक्षक परिवार सहित दो घरों में धावा बोलकर करीब 50 लांख से अधिक के सामान पर हाथ साफ कर दिया गया। शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों का तांडव प्रकाश में आया है इस दौरान बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव भटौली निवासी रामवीर, रणबीर, अंकित, जयबीर पुत्रगण दिरगज चारों भाइयों का परिवार एक ही मकान में रहता है इनके पिता परिषदीय विद्यालय में प्राथमिक विद्यालय के प्रधान शिक्षक रहे थे जिससे चारों भाइयों का परिवार सम्पन्न लोगो की श्रेणी में आता है शुक्रवार की रात घर में मौजूद बच्चे महिलाओं समेत कुल 18 पारिवारिक सदस्य मकान के अलग अलग हिस्से में सो रहे थे तभी अज्ञात चोर घर में घुस गए तथा नीचे के हिस्से में दो धरोहरी कमरों के ताले तोड़कर 80,000 की नगदी सहित सभी सोने चांदी के जेवरात पार कर दिया पीड़ितो ने पुलिस को तहरीर देकर नगदी सहित करीब 600 ग्राम सोने तथा 4 किलो चांदी के जेवरात चोरी होने की बात कही है। इसी क्रम में कुछ ही दूर मौजूद ग्रामीण सरजू प्रसाद पुत्र झऊनी के घर को निशाना बनाते हुए चोरों ने करीब एक लाख की नगदी व सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। दोनों पीड़ितो ने तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही की मांग की है थाना पुलिस द्वारा गांव पहुंच चोरों की सुरागकशी हेतु इधर उधर हाथ पांव मारे गए ।किंतु चोरों का कुछ सुराग नहीं चल सका है थानेदार मुन्ना कुमार ने कहा है तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है। गौरतलब हो पिछले करीब एक सप्ताह से लगातार सक्रिय चोरों ने बीते 11 सितंबर को थाना भवन से करीब 500 मीटर दूर प्रमुख बेहटा मुजावर चौराहे से 7 दुकानों के ताले तोड़कर पुलिस को चुनौती दी गई इस मामले में पुलिस कुछ कर पाती तभी गुरुवार की रात गोसाकुतुब गांव में चार दुकानों के ताले तोड़ कर चोरी कर ली गई अब शनिवार को भी गांव भटौली में पुनः चोरी कर अज्ञात चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती पेश की गई।

## आईजीआर एस को लेकर सहज सेवा केंद्र संचालकों से ली जानकारी



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। सहज सेवा केंद्रों से फर्जी आईजीआरएस ऑनलाइन किए जाने की संभावना होने पर सीओ अरविंद चौरसिया ने कोतवाली के आसपास के सहज सेवा केंद्र संचालकों से पूंछतांछ की जिसमे संचालकों ने बताया कि एक व्यक्ति का एक बार आईजीआरएस पोर्टल पर पंजीकृत करने की बात कही। सीओ ने बताया कि किसी किसी आवेदक के तीन से चार आवेदन कर दिए जाते है। बाद में आवेदक कहता है कि उसने ये आवेदन किया ही नहीं है जिसकी हकीकत जानने के लिए सहज सेवा केंद्र संचालकों से पूंछताछ की गई है।

## मधुमक्खियों के डिब्बों का कैसे करें विभाजन- डा. जय कुमार यादव

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। कृषि विज्ञान केंद्र धौरा उन्नाव में राष्ट्रीय मधुमक्खी एवं शहद मिशन योजनांतर्गत (NBHM) के तहत वैज्ञानिक विधि से मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण चलाया जा रहा है । आज प्रगतिशील कृषकों एवं बेरोजगार युवाओं को मधुमक्खी पालन की प्रसंस्करण इकाई का कराया गया भ्रमण। डा जय कुमार यादव ने बताया कि किसानों को भ्रमण गोसाईगंज लखनऊ में कराया गया वहां पर कृषकों को मधुमक्खी के बक्सों में रानी मधुमक्खी, नर मधुमक्खी एवं श्रमिक मधुमक्खियों की पहचान एवं डिब्बों के विभाजन करते समय सावधानियों से अवगत कराया। साथ ही प्रसंस्करण इकाई को भी दिखाया गया जिससे प्रोसेसिंग की प्रक्रिया समझ में आ सके। किरण इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर बृजेश कुमार वर्मा ने किसानों को भ्रमण के दौरान मधुमक्खी पालन में होने वाली सारी गतिविधियों से जानकारी दी और सभी को मधुमक्खी के बक्सों के विभाजन को करके दिखाया और रानी मधुमक्खी कैसे तैयार किया जाता है उसकी भी प्रक्रिया सभी लोगों को समझाया। वहीं वर्मा ने किसानों को मधुमक्खी पालन में आने वाले खर्च और लाभ के अनुपात को विस्तार से चर्चा किया। इंजीनियर रमेश चंद्र मौर्य ने किसानों को बताया कि शहद निकालने की मशीन अपकेंद्रीय बल पर कार्य करती है जिससे शहद निकालने में मदद मिलती है ।भ्रमण कार्यक्रम में कुल 25 प्रगति शील कृषकों ने प्रतिभाग किया।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसा हुआ। पावर हाउस के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार फर्नीचर व्यापारी सोनू (26) की मौके पर मौत हो गई। उसके साथी साहिल को गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया है। मिर्री कला थाना पुरवा निवासी सोनू चार भाइयों में सबसे बड़ा था। वह फर्नीचर की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। शुक्रवार रात को वह दुकान के काम से उन्नाव आया था। काम निपटाने के बाद साहिल के साथ बाइक से वापस लौट रहा था ।हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोनू की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। उसकी पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन कह रहे हैं कि घर का सहारा छिन गया है।

## अवर अभियंताओं ने अधीक्षण अभियंता पर उत्पीड़न के लगाए आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अवर अभियंताओं ने मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाकर राज विद्युत परिषद संघ जूनियर इंजीनियरिंग धरने पर बैठने की चेतावनी दी है एसी बेवजह मानसिक प्रताड़ित व मन माफीक कार्यशैली को लेकर उच्च अधिकारियों से शिकायत करने को कहा है कोई सुनवाई न होने पर उन्होंने आंदोलन की भी बात कही है शुक्रवार को दही चौकी क्षेत्र में विद्युत संगठन जेई जसपाल सिंह अध्यक्षता में एक बैठक हुई जहा सोहरामऊ उपकेंद्र विद्युत के के शिवांशु दुबे ने बेवजह परेशान करने का आरोप लगाया उन्होंने संगठन के पद अधिकारियों से गुहार लगाई इस पर अन्य अवर अभियंताओं ने भी सहमति जताई संगठन के सचिव दिनेश गौतम ने पत्र जारी कर बताया आधारहीन शिकायत पर उक्त अभियंताओं की भी शिकायत हमारे पास आई है।

## शारदीय नवरात्रि की तैयारियां जोरो पर



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शारदीय नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर हैं। 22 सितंबर से शुरू हो रहे नवरात्रि को देखते हुए मूर्तिकारों के कारखानों में दिन-रात काम चल रहा है। मां दुर्गा की प्रतिमाओं की मांग में इस साल बढ़ोतरी देखी जा रही है। मरहला चौराहे पर स्थित बंगाली मूर्तिकार अशोक पॉल और मनीष पॉल के अनुसार इस साल प्रतिमाओं की मांग पिछले साल से अधिक है। कानपुर, रायबरेली, कन्नौज और आसपास के जिलों से लोग मूर्तियां खरीदने उन्नाव आ रहे हैं ।मूर्तियों को आकर्षक बनाने के लिए विशेष रंग-रोगन का प्रयोग किया जा रहा है। चुनर और चमकीले कपड़ों से सजावट की जा रही है। इस साल मूर्तियों की कीमतें भी बढ़ी हैं। छोटी प्रतिमाएं 10 हजार रुपये से शुरू हैं। बड़ी प्रतिमाओं की कीमत एक लाख रुपये तक है। कपड़े और सजावटी सामान की बढ़ी कीमतों के कारण मूर्तियां महंगी हुई हैं। नगर में जगह-जगह पंडालों की सजावट और जागरण की तैयारियां चल रही हैं। भक्त नौ दिनों तक विधिवत पूजा-अर्चना करेंगे। नवरात्रि के समापन पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। मूर्तिकारों की कला से निर्मित देवी प्रतिमाएं भक्तों की आस्था का केंद्र बन रही हैं। आने वाले दिनों में मूर्तिकारों के कारखानों से तैयार प्रतिमाएं अलग-अलग जिलों के पंडालों तक पहुंचेंगी और भक्तजन मां की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

## घर में घुसकर चोरों ने नगदी समेत पार कर दिया लाखों के जेवरात

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत बीती रात चोरो ने एक घर मे धावा बोल लाखो रुपये की कीमती जेवर व पैसे चुरा लिए। पीड़ित ने पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर खुलासे की मांग की है। बिहार थाना क्षेत्र की चौकी भगवंतनगर के गाँव बाराघर मजरे धनकोली निवासिनी कुसुम सिंह पत्नी बालकेश सिंह ने तहरीर देकर बताया कि उसके तीनो पुत्र भारतीय सेना में नौकरी करते है और वर्तमान समय में ड्यूटी पर है। और तीनों शादीशुदा हैं। वह अपनी दो बहुओं के साथ रहती है। बीती रात उसकी एक बहू दीक्षा जो मायके में थी उसके कमरे का ताला टूटा हुआ था ।कमरे में रखी गोदरेज अलमारी व सूटकेस व बक्से को तोड़कर सारा कीमती सामान अज्ञात चोर चुरा ले गए। डायल 112 फोन करने पर पुलिस मौके पर पहुँची। छोटी बहू दीक्षा के अनुसार दो सोने की चैन, दो सोने के हार के सेट,सहित लाखो के जेवर व 20 हजार नगद रुपये गायब थे। थाना बिहार प्रभारी राहुल सिंह व डॉग स्क्वाड टीम भी मौके पर पहुँच कर घटनास्थल के हर पहलू की जांच की। थाना प्रभारी ने बताया जल्द ही घटना के खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

## जुआ खेल रहे पांच युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली पुलिस गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना के पर ग्राम रैथाना के पास बालाजी ईट भट्ठे के पास बाबुल के पेड़ के नीचे कुछ युवक ताश के पत्ते से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे मौके पर पहुंची पुलिस ने नगदी रुपया सहित युवकों को पकड़ा जिनके पास से ताश के पत्ते सहित 5700 रुपए नगद व तलाशी के दौरान 1650 रुपए बरामद किए नाम पूछने पर एक ने अर्पित कुमार पुत्रमोतीलाल प्रिंशु चौधरी पुत्र सुशील चौधरी संदीप सैनी पुत्र राजेश विशाल चौधरी उर्फ राहुल पुत्र राकेश सभी ने कस्बा बीघापुर निवासी बताया जिनके खिलाफ पुलिस ने जुआ अधिनियम धारा 13 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया

## सम्पादकीय

# भारतवर्ष को एक बार फिर स्वदेशी आंदोलन की जरूरत

अठारह सौ सत्तावन का विद्रोह हो, असहयोग आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन या फिर स्वदेशी आंदोलन, भारत की आजादी की लड़ाई में सारे वो पल थे, जिसने अंग्रेजी हुकूमत को हिलाकर रख दिया। इन आंदोलनों ने न केवल आजादी की लड़ाई को तेज धार दी, बल्कि ब्रिटिश हुकूमत की जड़ों को हिलाकर रख दिया। आजादी की इस लड़ाई में स्वदेशी आंदोलन का अहम योगदान रहा। महात्मा गांधी ने 22 अगस्त 1921 को विदेशी कपड़ों की होली जलाकर स्वदेशी' का नारा बुलंद किया। यह घटना न केवल ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ एक प्रतीकात्मक विरोध था, बल्कि भारतीयों में आत्मसम्मान और स्वदेशी वस्तुओं के प्रति प्रेम जगाने का एक शक्तिशाली कदम भी था। इस ऐतिहासिक क्षण ने स्वतंत्रता संग्राम में स्वदेशी भावना को प्रज्ज्वलित करने का काम किया। गांधीजी का मानना था कि स्वदेशी की भावना का पालन करने वाले व्यक्ति को केवल अपने निकटवर्ती पड़ोसियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं का ही उपयोग करना चाहिए और उन उद्योगों को कुशल बनाकर उनकी सेवा करनी चाहिए, और उन क्षेत्रों में उन्हें मजबूत करना चाहिए जहां उनकी कमी है। इससे न केवल गरीबी से मुक्ति मिलेगी बल्कि सहकारिता का भाव भी जागृत होगा। आज देश को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। स्वदेशी केवल वस्तु नहीं, अपितु एक विचार है। आजादी से पहले विदेशी दासता के विरुद्ध संघर्ष का माध्यम बना था और अब इसे देश के विकास की धुरी बनाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 75वें जन्मदिन पर बुधवार को मध्यप्रदेश के धार में अमेरिका के ट्रम्प टैरिफ का जवाब देते हुए स्वदेशी चीजें खरीदने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि आप जो भी खरीदें, वो देश में ही बना होना चाहिए। उसमें पसीना किसी देशवासी का होना चाहिए। आप जो भी बेचें, वह देश में ही बना होना चाहिए। हर दुकान पर बोर्ड हो- गर्व से कहो, ये स्वदेशी है। हमारे विदेशी प्रेम के चलते न केवल अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है बल्कि हम अनेक चीजों के लिए विदेशी ताकतों के अधीन होकर रह गए हैं। स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने का सबसे आसान और कारगर तरीका यही है कि रोजमर्रा की उपयोगी वस्तुओं में हम अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का स्वयं उपयोग करें और दूसरों को भी ऐसा ही करने के लिए प्रेरित करें। प्रशासन, मीडिया आदि के द्वारा भी स्वदेशी वस्तुओं का अधिक-से-अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए और स्वदेशी के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया जाए। अब आप जरा ध्यान से समझें कि भारत एक घर है, और अमेरिका या यूरोप दूसरा घर। यदि आप भारत वासी होकर अमेरिका के घर की दुकान से सामान खरीदोगे तो वो पैसा और उसके अंदर की कमाई अमेरिका के घर के सुधार में ही लगेगी, वो पैसा तो गया भारत से। हम अगर अपने स्वदेश की चीजों पर पैसा खर्चेंगे तो जो हमारे उत्पादक भाई बंधू हैं उन्हें और पैसा मिलेगा, इससे वो और अच्छी वस्तुओं का निर्माण करने में लगायेंगे। कुछ त्याग आप और हम करेंगे तो ही ये देश खड़ा होगा, तेज गति से विकास करेगा। विज्ञापनों पर मत जाइये अपनी अक्ल लगाइए। कोई भी वस्तु ख़रीदें तो याद रखें कि वो देश का भला करने के लिए है या नहीं। स्वदेशी अपनाकर हम देश की अर्थव्यवस्था को मज़बूत तो करते ही हैं। स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देते हैं, रोज़गार के अवसर बढ़ाते हैं और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं। यह अपनी संस्कृति और पारंपरिक कलाओं का संरक्षण भी करता है, इसीलिए जरूरी है कि स्वदेशी को आंदोलन का रूप दें।



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच देश में 22 सितंबर से लागू होने वाले वस्तु एवं सेवा कर ( जीएसटी) की नई घटी हुई दरों से उपभोक्ता मांग में भारी वृद्धि होगी और इससे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई मजबूत होंगे। वस्तुत: अभी जीएसटी सुधार के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनाने के लिए एमएसएमई की विभिन्न चुनौतियों के समाधान के मद्देनजर नई रणनीति पर भी आगे बढ़ना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार अभी भी मौजूद जीएसटी संबंधित कुछ उलझनों के समाधान से देश में एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाएगी।

# जीएसटी सुधार से मजबूत होंगे एमएसएमई

यकीनन ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों के बीच देश में 22 सितंबर से लागू होने वाले वस्तु एवं सेवा कर ( जीएसटी) की नई घटी हुई दरों से उपभोक्ता मांग में भारी वृद्धि होगी और इससे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई मजबूत होंगे। वस्तुतः अभी जीएसटी सुधार के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनाने के लिए एमएसएमई की विभिन्न चुनौतियों के समाधान के मद्देनजर नई रणनीति पर भी आगे बढ़ना जरूरी है। एमएसएमई से जुड़े जीएसटी सुधार प्रमुख रूप से ऑटोमोबाइल, ड्रायफ्रूट्स उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी उत्पाद, परिधान, लॉजिस्टिक्स, हस्तशिल्प, आवास निर्माण उत्पाद क्षेत्रों की इकाइयों को भारी लाभ देंगे। एमएसएमई क्षेत्र में जीएसटी दरों को कम किए जाने की रणनीति आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने तथा विशेष रूप से महिलाओं, ग्रामीण उद्यमियों और अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों के लिए रोजगार को बढ़ावा देगी।

इससे खासतौर से वस्त्र, खिलौने, हस्तशिल्प, चमड़ा और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। यह बात महत्वपूर्ण है कि दोपहिया वाहनों, कारों, बसों और ट्रैक्टरों पर कम जीएसटी से मांग बढ़ेगी, जिससे टायर, बैटरी, ग्लास, प्लास्टिक और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के एमएसएमई को लाभ होगा। ट्रैक्टरों पर जीएसटी घटाकर 5 फीसदी (1800 सीसी) करने से भारत की वैश्विक स्तर पर ट्रैक्टर विनिर्माण में अग्रणी बनने की स्थिति मजबूत होगी। साथ ही इससे संबद्ध एमएसएमई को प्रोत्साहन मिलेगा। वाणिज्यिक माल वाहनों (ट्रक, डिलीवरी वैन) पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिए जाने से माल ढुलाई, लॉजिस्टिक्स लागत, महंगाई का दबाव कम होने से एमएसएमई को लाभ होगा। ऐसे में निश्चित रूप से जीएसटी की नई स्लैब से आम आदमी, छोटे व्यापारियों और एमएसएमई को राहत मिलेगी। चाहे आम आदमी के इस्तेमाल की चीज हों, चाहे वह किसानों से जुड़ी वस्तुएँ हों, चाहे वह मध्यम वर्ग से संबंधित वस्तुएं हों, चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, बीमा का क्षेत्र हो, प्रत्येक क्षेत्र में एमएसएमई को दी गई बड़ी जीएसटी राहत अर्थव्यवस्था को भी रफ्तार देंगी। यद्यपि अब जीएसटी दर घटने से एमएसएमई को कर राहत जरूर मिलेगी, लेकिन इसके अलावा एमएसएमई के समक्ष डिजिटल ढांचा, कुशल श्रमिक, बाजार पहुंच, फंडिंग की कमी टेक्नोलॉजी, सप्लाई चेन, डेटा सुरक्षा और स्किल डेवलपमेंट की चुनौतियां खड़ी हुई हैं। आईटी सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप्स के समक्ष व्यावहारिक मार्गदर्शन, एक्सेस और प्रारंभिक निवेश की चुनौती है। खाद्य प्रसंस्करण जैसे उद्यमों में खराब तकनीक और कमजोर लॉजिस्टिक व्यवस्था के कारण गुणवत्ता में कमी की चुनौती है। ऊर्जा की अनियमित आपूर्ति और बड़ी कंपनियों से भुगतान में देरी एमएसएमई के विकास में बड़ी बाधा हैं। सिडबी की रिपोर्ट के मुताबिक अभी एमएसएमई के लिए सरल कर्ज की प्राप्ति एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि एमएसएमई क्षेत्र देश में उत्पादन, निर्यात और रोजगार में लगातार अपनी अहम भूमिका बढ़ाता जा रहा है। विगत 21 जुलाई को राज्यसभा में एमएसएमई मंत्री ने बताया कि देश में इस समय पंजीकृत 6.5 करोड़ एमएसएमई करीब




28 करोड़ लोगों को रोजगार देते हैं। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई का योगदान करीब 30.1 फीसदी है। देश के एमएसएमई विनिर्माण में 35.4 फीसदी और निर्यात में 45.73 फीसदी योगदान दे रहे हैं। निश्चित रूप से अब इस समय तेज विकास की रणनीति के तहत तेजी से आकर ले रहे भारत के एफटीए में जिस तरह एमएसएमई के हितों को अधिक महत्व दिया जा रहा है, उससे देश के एमएसएमई के लिए नई वैश्विक संभावनाएं भी उभर कर दिखाई दे रही हैं।

निसंदेह एमएसएमई के समक्ष ऊंचे टैरिफ से निर्मित चिंताओं को दूर करने हेतु मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में में एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के उद्देश्य से बहुआयामी उपायों की जो एक वृहद श्रृंखला प्रस्तुत की गई है, उसके क्रियान्वयन पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इसके तहत वित्तीय सहायता और खरीद नीतियों से लेकर क्षमता निर्माण और बाजार एकीकरण तक की पहल शामिल हैं। प्रमुख पहलों में उद्यम पंजीकरण पोर्टल, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएमईजीपी, स्फूर्ति और एमएसई के लिए सार्वजनिक खरीद नीति शामिल हैं, जिनका उद्देश्य उद्यमिता को प्रोत्साहन देना, रोजगार बढ़ाना और अनौपचारिक क्षेत्रों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में एकीकृत करना है। उद्योगों का विस्तार करने और दक्षता में सुधार करने में मदद करने के लिए, एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा बढ़ा दी गई है। चालू वित्त वर्ष 2025- 26 में एमएसएमई को दिए जाने वाले कर्ज का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 फीसदी बढ़ाकर सुनिश्चित किया गया है। सरकार निर्यातकों को सहारा देने के लिए 2250 करोड़ रुपये के निर्यात संवर्धन मिशन को तेजी से लागू करने और बिना रेहन के कर्ज दिए जाने की डगर पर आगे बढ़ रही है। टैरिफ तूफान के बीच एमएसएमई की क्षमताओं को उन्नत करने, संचालन को सुव्यवस्थित करने तथा निर्यात झटके से निपटने के लिए एमएसएमई को नीतिगत समर्थन का लाभ दिया जाना होगा। अब एमएसएमई के बढ़ावा देने की नई योजना, कारोबार में सरलता, वैश्विक बाजार में सरल पहुंच, अनुपालन बोझ में कमी, जीएसटी दरों में सरलता पर ध्यान देना। एमएसएमई को सीधे मदद और प्रक्रियाओं के माध्यम से मदद, दोनों ही डगर पर आगे बढ़ना होगा। इससे उनके व्यापक ढांचे में लचीलापन मिल सकेगा और उनके अनुपालन लागत में भी कमी आएगी। सरकार के द्वारा एमएसएमई के कारोबार करने को आसान बनाने और घरेलू खपत को बढ़ाने के तरीकों पर नए सिरे से आगे बढ़ना होगा। नई सप्लाई चेन और नए बाजारों की तलाश की जान होगी। विदेशों में वेयरहाउसिंग की सुविधा और वैश्विक ब्रांडिंग पहल से भी निर्यात का बाजार बढ़ाना होगा। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि बुनियादी ढांचे की मजबूती, अधिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं, कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाने, ब्याज समतुल्य योजना को फिर से शुरू किया जाने तथा ऋण गारंटी कार्यक्रमों का विस्तार करने जैसे उपायों से एमएसएमई को वित्तीय राहत और स्थिरता प्रदान की जानी होगी। एमएसएमई के हित में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं का विस्तार किए जाने से विशेष रूप से निर्यात-उन्मुख एमएसएमई लाभांवित होंगे। नवाचार की नई लहर एमएसएमई के लिए नया अध्याय लिख सकती है। उम्मीद करें कि सरकार अभी भी मौजूद जीएसटी संबंधित कुछ उलझनों कारोबार सरलता, डिजिटल ढांचा, कुशल श्रमिक, वैश्विक बाजार पहुंच, फंडिंग की कमी, नई टेक्नोलॉजी के सहयोग, स्किल डेवलपमेंट अनुपालन बोझ में कमी जैसी अहम चुनौतियों के समाधान से देश में एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाएगी और इससे देश आगे बढ़ेगा।

अभियान

विवेक शुक्ला



# दो सफल ऑपरेशन के बाद अंतिम सांसें गिनते आतंकी

बीते कुछ महीनों में, विशेष रूप से 2025 में, दो प्रमुख अभियान ऑपरेशन महादेव और ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट ने देश-विरोधी ताकतों को गहरी चोट पहुंचाई है। ये अभियान आतंकवाद और नक्सलवाद जैसे कुष्ठ रोगों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई के उदाहरण हैं। इन ऑपरेशनों के सफल परिणामों ने न केवल सीमापार आतंकवादियों और आंतरिक विद्रोहियों को धूल चटा दी है, बल्कि पूरे राष्ट्र को एकजुटता और आत्मविश्वास का संदेश भी दिया है। ऑपरेशन महादेव जम्मू-कश्मीर की धरती पर एक मील का पत्थर साबित हुआ, जो आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति का जीवंत प्रमाण है। जुलाई 2025 में शुरू हुआ यह अभियान, विशेष रूप से पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड्स को निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया था। पहलगाम हमला, जिसमें निर्दोष पर्यटकों और नागरिकों को निशाना बनाया गया था, ने पूरे देश को झकझोर दिया था। लेकिन भारतीय सुरक्षा बलों भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त प्रयासों ने मात्र 14 दिनों में तीन शीर्ष पाकिस्तानी लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादियों को मार गिराया। इस ऑपरेशन ने देश-विरोधी ताकतों को धूल में मिला दिया क्योंकि यह केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक झटका था। लश्कर जैसे संगठन, जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के प्रतीक हैं, अब भारत की सीमाओं के पास सांस लेने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। पहले जहां ये तत्व घुसपैठ कर निर्दोषों का खून बहाते थे, अब वे छिपने के लिए मजबूर हैं। उधर, ऑपरेशन महादेव ने स्पष्ट संदेश दिया कि भारत की सुरक्षा एजेंसियां किसी भी साजिश को कुचलने में सक्षम हैं। नतीजतन, जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं में कमी आई है, और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में विश्वास बहाल हुआ है। यह सफलता न केवल स्थानीय आबादी को सुरक्षा का आश्वासन देती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की मजबूत इच्छाशक्ति को प्रदर्शित करती है। गृह मंत्री अमित शाह ने इसे 'सिंदूर स्ट्राइक' का हिस्सा बताते हुए कहा कि यह आतंक के आकाओं को चेतावनी है कि भारतीय नागरिकों की जान से खेलने का अंजाम विनाशकारी होगा। अब बात करते हैं ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट की, जो नक्सलवाद के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है। मई 2025 में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर शुरू हुआ यह 24-दिवसीय अभियान, करेगुट्टालु पहाड़ियों जैसे नक्सली किलों को लक्ष्य बनाया गया। नक्सलवाद, जो दशकों से आदिवासी क्षेत्रों में विकास को बाधित कर रहा था, अब अपनी अंतिम सांसें ले रहा है। सुरक्षा बलों ने 31 कुख्यात माओवादियों को मार गिराया, जिनमें टॉप लीडर बसवराजू जैसे नाम शामिल थे, जिन पर कुल 1.72 करोड़ रुपये का इनाम था। इसके अलावा, 214 नक्सली ठिकाने और बंकर ध्वस्त किए गए, 450 आईईडी, 818 बीजीएल शेल और 899 कोडेक्स बंडल जब्त किए गए। यह ऑपरेशन न केवल सैन्य दृष्टि से सफल रहा, बल्कि यह नक्सलवाद के 'यूनिफाइड कमांड' को तोड़ने में भी कारगर साबित हुआ। देश-विरोधी ताकतों को धूल चटाने का यह अभियान इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि नक्सली लंबे समय से 'रेड टेरर' फैला रहे थे। वे विकास परियोजनाओं को नष्ट करते, निर्दोष ग्रामीणों को निशाना बनाते और सरकार को कमजोर दिखाने का प्रयास करते। लेकिन ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट ने इन तत्वों की कमर तोड़ दी। 27 से अधिक विद्रोहियों की मौत, जिसमें शीर्ष कमांडर शामिल थे, ने नक्सल नेटवर्क को विखंडित कर दिया। अब करेगुट्टालु पहाड़ियों पर तिरंगा लहरा रहा है, जो माओवादी किले से शांति का प्रतीक बन गया है। सीआरपीएफ महानिदेशक ने इसे 'नक्सलवाद के अंत की शुरुआत' बताया, जो सही मायने में सत्य है। इन परिणामों से न केवल आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई, बल्कि आदिवासी समुदायों में विकास का द्वार खुला है। स्कूल, अस्पताल और सड़कें अब बिना डर के बन सकेंगी, जो नक्सलियों की सबसे बड़ी हार है। इन दोनों अभियानों की सफलता का श्रेय निस्संदेह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व को जाता है।

## वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित

दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा। काम का आदेश स्वयं या अन्य प्रकार का हो सकता है।

## हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित

प्रेरणा

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है।आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाए, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं।

## नारदीय नवरात्र की तैयारी



शारदीय नवरात्र के लिए कुछ की ही दिन बाकी है, दुर्गा पूजा उत्सव से पहले प्रयागराज में एक कारीगर देवी दुर्गा की मूर्ति पर काम करता हुआ।

## आज की पाती

### भारत की कैसी ऋण प्रणाली

हीरा कारोबारी भगौड़े मेहुल चौकसी को बेल्जियम से वापस लाने के लिए भारत की तमाम जांच एजेंसियों ने पूरा जोर लगाया हुआ है। मेहुल चौकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी ने पंजाब नेशनल बैंक में लगभग 13500 करोड़ का घोटाला किया हुआ है। अब यह भारत की कैसी ऋण प्रणाली है जिसमें चौकसी और मोदी जैसे बड़े-बड़े कारोबारियों को बड़ी ही आसानी से बैंकों से ऋण प्राप्त हो जाता है। लेकिन अगर उन्हीं बैंकों से किसी आम नागरिक, किसान या गरीब व असहाय व्यक्ति ने अपने जीवन को सुधारने के लिए ऋण की नाममात्र रकम ही क्यों न लेनी हो, उससे सैकड़ों औपचारिकताएं पूरी करवाने के साथ-साथ गारंटर भी मुहैया करवाना पड़ता है। लेकिन ये बड़े कारोबारी हमेशा सरकारों और बड़े नेताओं के करीबी होने का फायदा उठाते हैं और इन पर वाजिब कार्रवाई भी नहीं हो पाती।

*- सतीश एक्का, कांकेर*

## ट्रेंड

### चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था



एक समय कहा जाता था कि विकास और इकोनॉमी के कार्य एक साथ संभव नहीं हैं। मोदी जी ने यह दिखाया कि कैसे गरीबों का कल्याण और अर्थव्यवस्था का उत्थान समानांतर संभव है। उनके नेतृत्व में भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### सिकल सेल एनीमिया



हमारे जनजातीय बहुल इलाकों में सिकल सेल एनीमिया एक बहुत बड़ा संकट होता है। हमारी सरकार जनजातीय भाई-बहनों को इस बीमारी से बचाने के लिए राष्ट्रीय मिशन चला रही है। आज मध्यप्रदेश में ही सिकल सेल स्क्रीनिंग का 1 करोड़वां कार्ड वितरित हुआ है।

- जेपी नड्डा, सीएम, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार



'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान परिवार, समाज और राष्ट्र की मजबूती का आधार है। आज केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल की उपस्थिति में दिल्ली में भी इस अभियान का शुभारंभ किया।

-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### बेहद निंदनीय



सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आजीवन कार्य करने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले के चैप्टर को राजस्थान यूनिवर्सिटी के पॉलिटिकल साइंस पाठ्यक्रम से हटाया जाना बेहद निंदनीय है।

-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर

# दुनिया संकट के कगार पर शांति पर निवेश होगा करना

वैश्विक सुरक्षा संकेतक स्पष्ट रूप से बताते हैं कि शांति और स्थिरता की स्थिति में गंभीर गिरावट आई है। अधिकांश रिपोर्टों के अनुसार, आज की दुनिया हाल के इतिहास में कहीं अधिक हिंसाग्रस्त और खतरनाक बन चुकी है। साल 2024 में, विश्वभर में राज्य-आधारित संघर्षों की संख्या 1946 के बाद अपने सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गई है। लगातार दस वर्षों से सैन्य खर्च बढ़ रहा है और यह अब वार्षिक 2.7 खरब अमेरिकी डॉलर से ऊपर पहुंच चुका है। सशस्त्र संघर्षों के पीड़ित बच्चों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, जबकि महिलाओं के अधिकारों पर भी वैश्विक स्तर पर खतरा है। विश्व आज कई जटिल संकटों का सामना कर रहा है।



## ऑफ बीट

# अपच आम बात है पर कभी कभी चिंताजनक भी

मानव शरीर में पाचन तंत्र को दो भागों में बांटा जाता है- ऊपरी और निचला। ऊपरी पाचन तंत्र में मुंह, ग्रसनी, इसोफेगस (अन्ननली), पेट और छोटी आंत का पहला भाग डिओडेनम शामिल होता है। इन हिस्सों से जुड़ी समस्याओं में आमतौर पर डिस्पेप्सिया (अपच) शामिल है, जिसमें पेट फूलना, डकार आना, मतली और भारीपन जैसी शिकायतें देखी जाती हैं। यह स्थिति अम्लता, रिफलक्स या वॉटरब्रैश यानी गले में कड़वाहट के रूप में भी सामने आ सकती है। बाजार में अपच से राहत देने वाली कई दवाएं उपलब्ध हैं जैसे कि पेप्टो-बिस्मोल, गैविस्कॉन (जो पेट की अम्लीय परत पर एक सुरक्षात्मक परत बनाता है), और रैनी जैसी चबाने वाली टैबलेट।



## संक्षेप

### पिता की हत्या के मामले में सह-आरोपी ने की आत्महत्या

**सुलतानपुर में गांव के बाहर फंदे पर लटका मिला शव, जांच जारी**

सुलतानपुर, शिवगढ़ थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में गुरुवार सुबह एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान 36 वर्षीय जमुना प्रसाद के रूप में हुई है। रामगढ गांव मे पांच दिन पहले मुंदरलाल की पेट्रोल डालकर आग से जलाकर हत्या कर दी गयी थी । जिसमे अपने पिता की हत्या के मामले में सह-आरोपी जमुना प्रसाद का शव गांव से बाहर सीवान में एक पेड़ से लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। शुरूआती जांच में यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है।थानाध्यक्ष ज्ञानेश दूबे ने बताया कि जमुना प्रसाद के पिता की हत्या पांच दिन पहले हुई थी। इस मामले में जमुना प्रसाद को सह-आरोपी बनाया गया था। पिता की हत्या का मुख्य आरोपी विजय पहले ही गिरफ्तार होकर जेल भेजा जा चुका है।इस घटना के बाद मृतक जमुना प्रसाद की पत्नी कलावती और उनके बेटे-बहू का बुरा हाल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सभी पहलुओं पर गौर किया जा रहा है।

### एसडीएम ने मतदाता सूची सर्वेक्षण पर जताई सख्ती

**बोले- पात्र छूटने नहीं चाहिए और अपात्र जुड़ने ना पाएं, लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

सुलतानपुर, तहसील सभागार में गुरुवार को उपजिलाधिकारी प्रभात सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के मद्देनजर चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ बैठक कर सर्वेक्षण कार्य की प्रगति जानी और लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान में किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान एसडीएम ने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद है। इसमें पात्र मतदाताओं का नाम शामिल करना और फर्जी अथवा दोहराव वाले नाम हटाना अत्यंत आवश्यक है।

### लम्भुआ में अपहृता को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

**ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत मिली कामयाबी, परिजन को सौंपा**

सुलतानपुर, पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत लम्भुआ पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने 15 वर्षीय अपहृता को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया है।यह मामला मु0अ0सं0 362/2025 धारा 137(2) बीएनएस से संबंधित है। अपहृता मूल रूप से सुलतानपुर के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव की निवासी है, जो हाल ही में ग्राम सेमरीराजापुर, थाना लम्भुआ में रह रही थी। उपनिरीक्षक अजय कुमार राय और महिला कांस्टेबल खुशबू यादव की संयुक्त टीम ने 18 सितंबर 2025 को किशोरी को सकुशल बरामद किया।

# अज्ञात चोरों ने सेमरहना से उड़ाई नगदी-जेवर महिला को किया घायल

## थाना मोतीपुर क्षेत्र के सेमरहना गांव का मामला

**अमन लेखनी समाचार**

मोतीपुर, बहराइच। पूरे क्षेत्र में इस समय जहां चोरों के आने की अफवाह से ग्रामीण रात-रात भर जागकर अपनी सुरक्षा कर रहे हैं वहीं क्षेत्र में हुई कई चोरी की घटनाओं ने चोरों के आने की प्रमाणिकता दे दी है ।पुलिस भले ही रात्रि गस्त का दावा कर रही हो लेकिन चोरी होने से पुलिस की गस्त पर भी लोग सवालिया निशान खड़ा कर रहे हैं।थाना मोतीपुर क्षेत्र के ग्राम सेमरहना में शुक्रवार की रात चोरों ने दो घरों में धावा बोलकर चोर लाखों रुपए नगदी, जेवर और मोबाइल लेकर फरार हो गए। इस दौरान एक घर में चोरी करते समय महिला के जाग जाने पर चोरों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे महिला को गम्भीर चोटें आई हैं। पीड़ित ने घटना की सूचना मोतीपुर पुलिस को दी है पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दिया है।मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरहना निवासी राहुल कुमार निषाद पुत्र विरेन्द्र निषाद ने तहरीर देते हुए कहा कि कि दो अज्ञात चोर रात में घर में घुसकर चोरी को अंजाम दे रहे थे।और घर में रखे मोबाइल जेवरात व नकदी उठा ले जा रहे थे इस दौरान मेरी मां रजावती देवी की अचानक नींद खुल गयी और उठकर बैठ गई जिसपर चोरों ने फावड़े से मां पर हमला कर दिया, और सामान लेकर फरार हो गए जिसके बाद रजावती देवी के चिल्लाने पर परिवार के लोग जाग गये और ग्रामीण इकट्ठा हो गए तो देखा उनके हाथ व सिर पर गंभीर चोटें आईं हैं। जिसके बाद चोरों ने रमेश मौर्या घर में भी चोरी कर घर में नगदी व जेवरात रखा बक्शा उठा ले गए हैं जो खेत के किनारे से सुबह बरामद किया गया है। राहुल निषाद ने बताया कि यह मेरे घर चोरी की दूसरी बार घटना है। लगभग एक वर्ष पहले भी चोर घर में चोरी कर चुके है। गांव में लगातार हो रही वारदातों से लोगों में दहशत व्याप्त है।पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चोरी की बारदात से मोतीपुर पुलिस की लापरवाही सवालों के घेरे में हैं। वहीं इस घटना के संबंध में पूछने पर थानाध्यक्ष मोतीपुर आनन्द कुमार चौरसिया ने बताया कि अज्ञात चोरों ने सेमरहना में दो घरों में मोबाइल फोन जेवरात सहित नगदी चुरा ले गये है पीड़ितों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।चोरी का शीघ्र खुलासा किया जायेगा। चोरी होने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है लोग डर के साए में जी रहे हैं।

# मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय में विद्यार्थी पढेंगे डा0 दिनेश त्रिपाठी की रचना

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिले के साहित्यकार डॉ दिनेश त्रिपाठी शम्स की रचना को माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय , बलरामपुर के बी ए तृतीय वर्ष के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया।इससे पूर्व दिनेश त्रिपाठी शम्स के साहित्यिक योगदान पर लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय , गोंडा में परास्नातक विद्यार्थी द्वारा लघु शोध भी किया जा चुका है। डॉ. शम्स की अब तक छ पुस्तके प्रकाशित हो चुकी हैं। देश की प्रतिष्ठित पत्र पत्रिकाओं में उनकी रचनाएं प्रकाशित होती रहती हैं साथ ही उन्हें दर्जनों सम्मान , पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं ।हाल ही में माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय , बलरामपुर ने अपने विविध विषयों के पाठ्यक्रमों की घोषणा की है ।जिसमें हिंदी विषय के बी. ए. तृतीय वर्ष के पाठ्यक्रम में इंटरनेट पर उपलब्ध लोकप्रिय साहित्यकार श्रेणी में जिले के साहित्यकार डॉ दिनेश त्रिपाठी शम्स की रचना को पढ़ाए जाने के लिए सम्मिलित किया गया है। जिले के साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों ने डॉ शम्स को बधाई देते हुए इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है।

## एआरपी शैलेंद्र कुमार ने प्राथमिक विद्यालय रूपईडीहा गांव का किया अनुश्रवण

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रूपईडीहा स्थित प्राथमिक विद्यालय रूपईडीहा गांव का अनुश्रवण एआरपी शैलेंद्र कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षण की बारीकियों से बच्चों को अवगत कराया। सरकार की गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक एआरपी को विद्यालय में कम से कम एक से डेढ़ घंटे बच्चों के साथ शिक्षण कार्य करना होता है। इसी क्रम में शैलेंद्र कुमार ने बच्चों से प्रश्न पूछे तथा उनके उत्तर ऑनलाइन दर्ज कराए। विद्यालय के स्मार्ट क्लास में उन्होंने शिक्षण कार्य बड़े ही रुचिकर ढंग से संपन्न किया ।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शीबा तरन्नुम सहित शिक्षक संदीप कुमार, मोहम्मद कौसर और राकेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

# कैसरगंज एसडीएम ने किया मंझारा तौकली का भ्रमण

**सुरक्षा कर्मी के साथ वन विभाग एवं राजस्व कर्मी भारी संख्या मे मौके पर मौजूद**

**जल्द से जल्द भेड़िया को पकड़ने में मिलेगी कामयाबी: उप जिलाधिकारी कैसरगंज**

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह के साथ नायब तहसीलदार सचिन श्रीवास्तव एवं राजस्व कर्मियों के साथ मंझारा तौकली का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान वन विभाग की टीम पुलिस के जवानों की संख्या भारी तादाद में मंझारा तौकली के गांव में पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। भेड़िए को पकड़ने में किसी भी तरीके से कसर नहीं छोड़ी जाएगी। हर हाल में उसे जल्द से जल्द पिंजरे में कैद किया जाएगा। इसलिए हर विभाग की टीमें बिल्कुल मौके पर तैनात है। गन्ने के खेत में कई जगह भेड़िए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया गया है। ताकि जल्द से जल्द भेड़िए को पिंजरे में कैद किया जा सके। उपजिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह ने लोगों से आग्रह किया है कि सभी लोग अपनी सुरक्षा के दृष्टिगत सतर्क रहें बच्चों को कतई बाहर न छोड़ें। अकेले खेतों में जाने से परहेज करें। लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए तमाम टीमें लगाई गई है।

# दुर्घटना को दावत दे रहे खुले में घूम रहे गोवंश

**बहुत बड़े हादसे का सबब बन सकते हैं छुट्टा जानवर**

**तहसील कैसरगंज मुख्यालय पर भारी संख्या में छुट्टा जानवरों का हुजूम**

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज मुख्यालय पर आए दिन एक्सीडेंट होने की शिकायत का सिलसिला आम रहता है लेकिन उसकी वजह को लोगों को हकीकत से दूर रखा गया है। नवीन गल्ला मंडी मेन रोड नेशनल हाईवे पर ही गोवंश छुट्टा जानवरों का आतंक लगातार बढ़ता ही जा रहा है। छुट्टा जानवर इतनी भारी संख्या में है कि नेशनल हाईवे पर ही बैठ जाते हैं। लोगों को आने-जाने में काफी दुश्वरी होती है। सांड भी सड़क पर ही लड़ाई करना शुरू कर देते हैं। जिससे अक्सर राहगीर को परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार लोगों का सांड की लड़ाई की वजह से काफी नुकसान भी हो गया है। लेकिन जिम्मेदार लोग छुट्टा जानवरों की बढ़ती संख्या को देखकर नजर अंदाज करते रहे। कैसरगंज में दो-दो गौशाला होने के बावजूद भी इन्हें गौशाला भेजने के बजाय नेशनल हाईवे कैसरगंज पर ही जमावड़ा बना रहता है। अगर इन्हें तत्काल प्रभाव से गौशाला नहीं भेजा गया तो एक्सीडेंट की संख्या और तेजी से बढ़ जाएगी जिससे आमजन मानस को काफी जानी व माली नुकसान उठाना पड़ेगा।

# कैसरगंज एसडीएम ने किया मंझारा तौकली का भ्रमण

**सुरक्षा कर्मी के साथ वन विभाग एवं राजस्व कर्मी भारी संख्या मे मौके पर मौजूद**

**जल्द से जल्द भेड़िया को पकड़ने में मिलेगी कामयाबी: उप जिलाधिकारी कैसरगंज**

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह के साथ नायब तहसीलदार सचिन श्रीवास्तव एवं राजस्व कर्मियों के साथ मंझारा तौकली का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान वन विभाग की टीम पुलिस के जवानों की संख्या भारी तादाद में मंझारा तौकली के गांव में पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। भेड़िए को पकड़ने में किसी भी तरीके से कसर नहीं छोड़ी जाएगी। हर हाल में उसे जल्द से जल्द पिंजरे में कैद किया जाएगा। इसलिए हर विभाग की टीमें बिल्कुल मौके पर तैनात है। गन्ने के खेत में कई जगह भेड़िए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया गया है। ताकि जल्द से जल्द भेड़िए को पिंजरे में कैद किया जा सके। उपजिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह ने लोगों से आग्रह किया है कि सभी लोग अपनी सुरक्षा के दृष्टिगत सतर्क रहें बच्चों को कतई बाहर न छोड़ें। अकेले खेतों में जाने से परहेज करें। लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए तमाम टीमें लगाई गई है।

# मिठाई की दुकान में अज्ञात कारणों से लगी आग, लाखों का नुकसान

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। नगर पंचायत के हाईवे पर स्थित एक मिठाई की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। यह घटना 18 सितंबर की रात लगभग 2 से 2:30 बजे के बीच हुई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और कई अन्य दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि, स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन की सूझबूझ से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया।आग की शुरूआत अनवर की मिठाई की दुकान से हुई, जहां सबसे अधिक नुकसान हुआ है। इस दुकान में फ्रीजर, दो एसी, काउंटर सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में अनवर की दुकान के बगल में स्थित सलमान की फल की दुकान और शकिर की दुकान भी आ गई। इसके अतिरिक्त, एक पान की गुमटी और एक अन्य मिठाई की दुकान तक भी आग फैल गई थी।मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग को फैलने से रोका और उस पर काबू पाया। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई, लेकिन उससे पहले ही आग बुझाई जा चुकी थी। इस संबंध में चौकी इंचार्ज शिवम कुमार कनौजिया ने बताया कि आग लगने का कारण अभी अज्ञात है, लेकिन पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में सहयोग किया।आग बुझाने के प्रयासों में कांग्रेस नेता शादाब पहलवान सहित कई अन्य स्थानीय लोग भी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से झूलता मिला किशोरी का शव, परिजनों में मातम

**सम्बंधितों ने साक्ष्य संकलन कर विधिक कार्यवाही की पूर्ण**

**अमन लेखनी समाचार**

शिवपुर, बहराइच। किशोरी ने फंदे से झूल कर दी जान, परिजनों में मचा कोहराम। खबर है कि जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र के चकैया गांव निवासी गगन केसरी मौर्य जो पूर्व से ही मृतक हो चुके हैं कि 16 वर्षीय पुत्री सपना मौर्या का आज शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रामीणों ने फंदे से शव लटका हुआ देखा तो गांव में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते ग्रामीणों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। वहीं सूचना पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए आवश्यक जांच पड़ताल एवं विधिक कार्यवाही पूर्ण की है। थानाध्यक्ष खैरीघाट राशिद अली खान ने बताया कि किशोरी मंदबुद्धि थी, संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से झूल कर जान दिया है। पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृत्यु के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

# मंझारा तौकली में आदमखोर भेड़िया व तेंदुवा का आतंक लगातार जारी

**3 साल के मासूम को एक बार फिर बना डाला शिकार**

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। मंझारा तौकली क्षेत्र में जंगली जानवरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है और शनिवार की सुबह एक दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को दहला दिया। गंधु झाला गांव में एक आदमखोर भेड़िए या तेंदुए ने दिन-दहाड़े 3 साल के मासूम बच्चे को उठा लिया।जानकारी के मुताबिक गांव निवासी रक्षा राम के तीन वर्षीय पुत्र को उक्त जंगली जानवर घर के पास से ही उठा ले गया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है।सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान दीप नरायन यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से बच्चे की तलाश शुरू की गई। सघन खोजबीन के बावजूद अब तक बच्चे का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की लापरवाही के चलते इस क्षेत्र में जंगली जानवरों की आवाजाही लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।फिलहाल ग्रामीण संयुक्त रूप से बच्चे की खोज में जुटे हैं। घटना से पूरे क्षेत्र में एक ओर दहशत तो दूसरी ओर आक्रोश का भी माहौल है।

# पॉक्सो से संबंधित एक को खैरीघाट पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**




शिवपुर, बहराइच। पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में एएसपी ग्रामीण व सीओ महसी के निर्देशन में थानाध्यक्ष थाना खैरीघाट राशिद अली के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा आज 20 सितंबर 2025 को मुखबिर खास की सूचना पर थाना खैरीघाट के ग्राम बेहड़ा से समय लगभग 11:05 बजे एक अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र मुंशीलाल निवासी बेहड़ा थाना खैरीघाट जनपद बहराइच को धारा 65(2) 352/351 (3) बीएनएस व 5 एम 6 पॉक्सो एक्ट के नियमानुसार खैरीघाट पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। वहीं मा0 सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों निर्देशों का पालन करते हुए गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को मा0 न्यायालय बहराइच के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया गया। गिरफ्तारी की सूचना अभियुक्त के परिजनों को जरिये उचित माध्यम दी गई।

# विद्यालय में लगी विज्ञान प्रदर्शनी, छात्र छात्राओं की हुई प्रशंसा



**अमन लेखनी समाचार**

बहराइच। राजकीय हाईस्कूल विद्यालय बौंडी में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीआईसी रमपुरवा के प्राचार्य डॉ अमित कुमार पांडेय रहें। मुख्य अतिथि ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्र-छात्राओं से जानकारी ली। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं की प्रशंसा की। उन्होंने राजकीय हाईस्कूल को इंटर कराने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर कौशल गुप्ता,श्यामलाल शुक्ला, उमेश्वर पाण्डेय, उत्तमचंद रस्तोगी, विश्वनाथ शुक्ला, रविशंकर, रोहित कालिया मेत अन्य मौजूद रहे।

# राशन कार्ड निरस्त होने से गरीबों में मचा हाहाकार

## केवाईसी होने के बावजूद सैकड़ों परिवार सूची से बाहर

**अमन लेखनी समाचार**

रूपईडीहा, बहराइच। सीमावर्ती कस्बा रूपईडीहा में जांच के नाम पर सैकड़ो पात्र परिवारों के राशन कार्ड निरस्त कर दिए गए हैं। आश्चर्य की बात यह है कि अधिकतर लाभार्थियों का केवाईसी उच्चीकृत होने के बावजूद उनके नाम सूची से हटा दिए गए। इस कारण गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों में हाहाकार मचा हुआ है।विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, सैकड़ों पात्र परिवारों के नाम लिस्ट से गायब कर दिए गए हैं। जब लोग अपने राशन कार्ड लेकर कोटेदारों की दुकानों पर पहुँचे, तो उन्हें बताया गया कि उनका नाम सूची से कट गया है और वे उच्च अधिकारियों से संपर्क करें। गरीब जनता, जिनका जीवन-यापन सरकारी राशन पर काफी हद तक निर्भर करता है, इस कारण गहरी परेशानियों का सामना कर रही है। अधिकारियों द्वारा स्पष्ट जवाब न मिलने से लोगों का आक्रोश और बढ़ रहा है।इस संबंध में जब जिला आपूर्ति अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने पहले नाम कटने का कारण केवाईसी न होना बताया। लेकिन जब उन्हें अवगत कराया गया कि अधिकांश लाभार्थियों का केवाईसी अपडेट है, तब उन्होंने कहा कि प्रभावित लोग प्रार्थना पत्र देंगे तो पुनः जांच कराई जाएगी और पात्र लोगों के नाम सूची में फिर से जोड़ दिए जाएंगे।

## फसल प्रक्षेत्र दिवस का मिर्जापुर में हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक किसानों से संवाद कर उन्हें वैज्ञानिक विधि से खेती करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा द्वारा ग्राम मिजार्पुर चहलवा विकास खंड नवाबगंज में समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत फसल तिल प्रजाति जीटी 6 का प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया जिसमें केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर पीके सिंह द्वारा तिल में लगने वाले विभिन्न रोग जैसे कैप्सूल छेदक लीफ बेबर एवं प्रमुख रोग फाईलोडी के बारे सावधानीपूर्वक उपचार के बारे में बताया इसी क्रम में केंद्र के वैज्ञानिक से सुनील कुमार ने प्रजाति जीटी 6 के बारे में विस्तृत रूप से बताया। मौके पर मौजूद किसानों ने वैज्ञानिकों से आगामी फसल लाही मसूर मटर चना आदि के बारे में भी जानकारी ली। वैज्ञानिकों ने किसानों को विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए वैज्ञानिक विधि से खेती करने की सलाह दी।

# दूध विक्रेता पर जानलेवा हमला

**घर लौट रहे युवक के सिर के पास से गोली निकली, मेडिकल कॉलेज रेफर**

**अमन लेखनी समाचार**



देवरिया, बरहज थाना क्षेत्र में एक दूध विक्रेता पर अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग कर दी। घटना नौका टोला वेलडाड के पास की है। पचौहा बाईपास निवासी सुरेंद्र यादव (30) दूध बेचने के बाद साइकिल से अपने घर परसिया देवार पाही लौट रहे थे। नौका टोला के पास अज्ञात बदमाशों ने उन पर गोली चला दी। गोली सिर के पास से छूकर निकल गई। सुरेंद्र जमीन पर गिर पड़े। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोग घायल सुरेंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहज ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कॉलेज, देवरिया रेफर किया गया। डॉक्टरों के अनुसार गोली लगने से अधिक रक्तस्राव हुआ है। मरीज को लगातार निगरानी की आवश्यकता है। बरहज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। घायल सुरेंद्र का बयान दर्ज कर लिया गया है। हमलावर फरार हो गए हैं। उनकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। हमलावरों की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग हमले के कारणों की चर्चा कर रहे हैं।

# नेपाल लौट रहे नागरिकों के उत्पीड़न पर व्यापार मंडल ने जताई चिंता

**अमन लेखनी समाचार**

**मोहम्मद कौशर**

रूपईडीहा, बहराइच ।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, रूपईडीहा इकाई ने थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत को पत्र लिखकर नेपाल लौट रहे नेपाली नागरिकों के साथ हो रहे उत्पीड़न पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। व्यापार मंडल ने पत्र में बताया कि विभिन्न भारतीय प्रांतों से रूपईडीहा के रास्ते नेपाल लौटने वाले नेपाली नागरिकों को पैंडल और बैटरी रिक्शा चालकों द्वारा बस स्टैंड पर परेशान किया जा रहा है। इसके अलावा होटल दलालों और अन्य असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध वसूली एवं जबरन लूट की घटनाएँ लगातार सामने आ रही हैं। व्यापार मंडल का कहना है कि इस तरह की घटनाएँ न केवल भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को धूमिल करती हैं, बल्कि भारत-नेपाल के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को भी आघात पहुँचाती हैं। मंडल ने पुलिस से आग्रह किया है कि नेपाली नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर इन घटनाओं पर तत्काल रोक लगाई जाए। मंडल ने यह भी बताया कि इस विषय पर कई बार पुलिस प्रशासन को अवगत कराया गया है और समाचार पत्रों में भी मामले का उल्लेख होता रहा है, लेकिन अब तक ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि ऐसी घटनाएँ नहीं रुकीं तो रूपईडीहा का व्यापार भी बुरी तरह प्रभावित होगा।

## आई लव मोहम्मद बैनर पर नाम लिखकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जताया विरोध

**हजारों की संख्या में लोगों ने जताया विरोध**

**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराइच। शनिवार के दिन दोपहर में करीब हजारों की संख्या में लोगों ने जुलूस निकालकर आई लव मोहम्मद के प्रति मोहब्बत का प्रदर्शन किया। आपको बताते चले अभी हाल ही में कानपुर में आई लव मोहम्मद का पोस्टर लिखने पर 10 से 15 लोगों को पुलिस उठा ले गई और उनको जेल भेज दिया। इसी के विरोध में शनिवार दोपहर में कैसरगंज ऐनी पबना नौगाय्या लगभग एक दर्जन से अधिक गांव के लोगों ने जुलूस निकाल कर प्रदर्शन किया और उप जिलाधिकारी कैसरगंज को अपना मेमोरेंडम पेश किया। इस मौके पर सैयद सैफ वकार अहमद नाजिम अली इश्तियाक अली हसनैन कमल आदि हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सलावा में अवैध मकानों पर चला बुलडोजर

**2 दिन पहले ठाकुरों, मुसलमानों में हुआ था विवाद**

मेरठ, सरधना के सलावा में अवैध मकानों पर बुलडोजर चल रहा है। मकानों के बाहर के हिस्से को बुलडोजर से ढहाया जा रहा है। बता दें कि यहां दो दिन पहले ठाकुरों और मुसलमानों में मछली पकड़ने की बात कहकर विवाद हुआ था। इस झगड़े में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए थे। आमने सामने लाठियां चली थीं। दिन भर डीएम, एसएसपी गांव में बैठे रहे और पूरे गांव में माहौल संभालने के लिए भारी पुलिसबल को तैनात किया गया था। पीएसी भी लगाई गई थी। इसके बाद यहां दो मकानों के अवैध हिस्से को बुलडोजर से तोड़ा जा रहा है। आरिफ, सत्तार, अबरार, नाजिम, फुरकान, उस्मान, सलमान और रिहान को जेल भेज दिया गया। डीएम डॉ. विजय कुमार सिंह का कहना है कि अशांति फैलाने वाले तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सलावा गांव में संघर्ष के बाद मुस्लिम पक्ष ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला उस्मानी पुत्री अबरार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि पुलिस ने न केवल उनके साथ मारपीट करने वालों को छोड़ा, बल्कि उल्टे उन्हीं के परिवार के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। मौके पर एसडीएम सरधना और सीओ सरधना आशुतोष भी पहुंचे हैं। वहीं ठाकुर बिरादरी के काफी लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए। मांग उठाने लगे कि मुसलमान आरोपियों के घरों को पूरी तरह ध्वस्त किया जाए। उनके घरों पर बुलडोजर चलाया जाए। इसके बाद पुलिस उन लोगों को समझाने में जुटी रही लेकिन राजपूत बिरादरी के लोग जिद पर अड़े रहे।

### दोस्ती ना करने पर चेहरा जलाने की धमकी

**मेरठ में छात्रा के परिजनों ने थाने में दी तहरीर, परिवार डर में**

मेरठ, दोस्ती ना करने पर दो मनचलों ने कक्षा 9 की छात्रा को ना केवल जान से मारने की धमकी दी बल्कि उसका चेहरा तेजाब से जलाने की धमकी दे दी। छात्रा ने परिजनों से शिकायत की, जिसके बाद मामला भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष तक पहुंच गया। वह पीड़ित परिवार के साथ सिविल लाइन थाने पहुंचे और तहरीर दे दी। पुलिस आरोपियों का पता लगाने में जुटी है। मवाना रोड गंगानगर में रहने वाली किशोरी साकेत स्थित एक इंटर कॉलेज में कक्षा 9 की छात्रा है। पिछले काफी दिनों से छात्रा को दो युवक परेशान करने आ रहे थे। काफी परेशान होने के बाद किशोरी ने परिजनों से शिकायत की। बुधवार को परिजन सिविल लाइन थाने आ गए और एक आरोपी की पहचान सागर के रूप में करते हुए तहरीर दे दी। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सूद ने बताया कि छात्रा कक्षा 9 की छात्रा है। सुबह 7 बजे घर से निकलती है। छुट्टी के बाद जब वह वापस घर के लिए निकलती है तो दो युवक उसका पीछा करते हैं। काफी दिन तक वह उन्हें नजर अंदाज करती रही। हद तो तब हो गई जब एक आरोपी ने उसे रास्ते में रोका और दोस्ती का दबाव बनाया। आरोपी ने किशोरी के सामने दोस्ती का प्रस्ताव रखा लेकिन किशोरी ने उसे स्वीकार नहीं किया। आरोप है कि युवक ने उसे डराना धमकाना शुरू कर दिया। उसे जान से मारने की धमकी दी।

# मथुरा में सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश मिशन शक्ति फेज 5 का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मिशन शक्ति के 5वें चरण सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश का शुभारंभ किया जिसके तहत 21 सितंबर को बाइक रैली निकाली गई और नवरात्र के दौरान मंदिरों में विशेष सुरक्षा बढ़ाई गई साथ ही स्कूलों व कॉलेजों में महिलाओं से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों और मिशन शक्ति फोल्डर का वितरण किया गया वहीं मथुरा ठकउ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम और मथुरा पुलिस लाइन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश मिशन शाक्त फेज 5.0 कार्यक्रम को देखा और मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना जो महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के लिए समर्पित है जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य शिक्षा और आत्म निर्भरता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का समावेश है यह पहल महिलाओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण तैयार कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर केंद्रित है यह उत्तर प्रदेश सरकार की एक पहल है जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करना है इस कार्यक्रम में महिलाओं के जीवन चक्र से जुड़े विभिन्न पहलुओं जैसे स्वास्थ्य शिक्षा विकास और कल्याण से संबंधित अनेक कार्यक्रमों को शामिल किया गया है मिशन शक्ति के पिछले चरणों की सफलता के साथ फेज 5.0 में स्वास्थ्य हेल्पलाइन जैसी नई पहलों का भी समावेश किया जा रहा है इसका अंतिम लक्ष्य महिलाओं को राष्ट्र निर्माण में समान भागीदार बनाना और उनके नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देना है इस अभियान में महिलाओं को 1090 पुलिस आपातकालीन सेवा 112 महिला हेल्पलाइन 181 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जाएगी इसके साथ ही उन्हें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना और आयुष्मान योजना जैसी प्रमुख सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया है ताकि महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित किया जा सके

# अमौली बरीपाल मार्ग पूरी तरह जर्जर कब बहुरेंगे दिन

## छुटपुट बारिश होने पर अमौली सीएचसी तक लाना मरीजों को पड़ता भारी

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। वर्तमान सरकार ने शिक्षा स्वास्थ्य चिकित्सा आदि में भले ही विशेष ध्यान दिया हो परंतु जनपद के कुछ मार्ग आज भी अपनी पीड़ा व्यक्त करते नजर आ रहे हैं जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे से बरीपाल जनपद कानपुर को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग की दशा दुर्दशा में बदल चुकी है जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे छुटपुट बारिश में जल भराव निरंतर घटना को आमंत्रण देते रहते हैं कई घटनाएं घटित हो चुकी परंतु मार्ग के सुधार का समय नहीं आया ग्रामीणों ने बताया कि बारिश होने पर अमौली मेला मैदान के समीप लाला कबाड़ी के सामने मानो कावेरी नदी की तरह जल भराव हो जाता है जहां कई बार गिरकर यात्री चोट खा चुके हैं वही ऊपर की छायाप्रति स्पष्ट प्रदर्शित करती है जहां अमौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नजदीक एक प्रसूता को ले जा रही एम्बुलेंस ऊंचे नीचे गढ्ढों से गुजर कर जा रही है मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में काफी दिनों से प्रस्तावित यह मार्ग अभी तक केवल कागजों पर ही निहित दिखाई दे रहा है क्षेत्रीय लोगों का मानना है कि यह प्रस्तावित कार्य आगामी चुनाव की राह देख रहा है जैसे ही चुनाव नजदीक आ जाएगा तो सरकार अपना डंका बजाने के लिए सड़क का निर्माण प्रारंभ कर देगी परंतु तब तक यहां पर ऐसे ही घटनाएं घटित होती रहेगी जर्जर मार्ग के निर्माण हेतु अधिक जानकारी के लिए क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल से संपर्क जोड़ा गया परंतु किसी कारण बस फोन संपर्क नहीं हो पाया देखना यह है कि ऐसी खस्ता हाल सड़क का सुधार निर्माण जनप्रतिनिधियों के सराहनीय प्रयास से कब तक संभव होगा

# जीवन संघर्ष गाथा देखकर बच्चे हुए प्रेरित

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर, सेल्फ एस्टीम पर आधारित मीना मंच की साप्ताहिक गतिविधि के अंतर्गत राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा द्वारा प्रस्तावित कलेंडर के अनुसार इस सप्ताह की नामित साप्ताहिक गतिविधि का क्रियान्वयन अमौली खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल के निर्देशन में कंपोजिट विद्यालय अमौली में सहायक शिक्षिका प्रतिमा उमराव के द्वारा समस्त गतिविधियों को सम्पन्न किया गया। बालिकाओं के शिक्षा एवं अधिकार सम्बन्धी मुद्दों पर चर्चा, पोस्टर, नाटक एवं क्विज के माध्यम से, बच्चों के दो समूहों के बीच वाद-विवाद के द्वारा अपने तर्क दिया। जीवन संघर्ष गाथा खिलाड़ी पद्मश्री सुधा सिंह पर आधारित फिल्म देख कर बच्चे प्रभावित हुए। यह सीख मिली की दृढ़ इच्छा शक्ति के द्वारा किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। विद्यालय में नवाचारों के क्रम में शिक्षिका के द्वारा मीना मंच को और अधिक सशक्त और बच्चों के लिए खुला मंच देने के लिए आज की नई पहल की। समस्त बच्चों के समक्ष सुझाव एवं शिकायत पेटिका बनाकर प्रस्तुत किया। जिसमें बच्चों को समझाया कि आप मीना मंच की गोष्ठी को किस प्रकार और बेहतर बना सकते हैं उसको कैसे और अधिक उपयोगी बनाएं, इसके लिए लिखित रूप में बच्चों ने सुझाव एवं शिकायत जमा किया। जिस पर मीना मंच के पदाधिकारी द्वारा बिंदुओं पर विशेष विचार विमर्श किया गया।



# भगवान दत्तात्रेय धाम के द्वारा संपूर्ण ब्रज में चलाया जा रहा है स्वच्छता अभियान

## स्वच्छता अभियान चलाकर ब्रज को साफ सुथरा रखने का दिया संदेश

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर पूरे सितंबर माह को संपूर्ण भारतवर्ष में स्वच्छता अभियान के रूप में मनाया जा रहा है भारत के कोने कोने में समाजसेवियों एवं संस्थाओं के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर भारत को स्वच्छ और सुंदर बनाकर उनके जन्म दिवस को यादगार बनाना है इसी क्रम में जनपद मथुरा के सौंख रोड स्थित भगवान दत्तात्रेय धाम पर समाज सेविका एडवोकेट पूनम सिंह द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से लेकर लगातार संपूर्ण ब्रज में सफाई अभियान चलाकर साफ सुथरा रखने का अभियान चलाया जा रहा है लगातार भगवान दत्तात्रेय धाम के सहयोगियों के द्वारा ये अभियान चलता रहेगा भगवान दत्तात्रेय धाम के द्वारा ये अभियान गोवर्धन बरसाना वृंदावन मथुरा आदि सभी तीर्थ स्थलों पर चलता रहेगा भगवान दत्तात्रेय धाम की मुखिया एडवोकेट पूनम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान में हमारे सहयोगी मेरी बहन शोभा चौधरी डीएनटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं डॉ पवन आर्या राष्ट्रीय प्रभारी सुदर्शन न्यूज दलेश त्यागी एवं भगवान दत्तात्रेय धाम के पुजारी अमर दास जी महाराज नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष लंबरदार डॉ मधु शर्मा डॉक्टर भावना शर्मा आदि सभी के द्वारा सफल बनाया जा रहा है स्वच्छता अभियान पूरे ब्रज में लगातार आश्रम के द्वारा चलाया जाएगा और हमारा उद्देश्य है कीभगवान दत्तात्रेय धाम में गौशाला अनाथ आश्रम वृद्ध आश्रम गुरुकुल आदि का निर्माण करके बृजवासियों की सेवा की जाए भगवान श्री कृष्ण की जन्म भूमि पर बड़े सौभाग्य से सेवा का अवसर प्राप्त होता है यह मेरा सौभाग्य है कि श्री कृष्ण जन्मभूमि पर हम सभी लोगों को सेवा का अवसर प्राप्त हो रहा है यह स्वच्छता अभियान 17 सितंबर से लगातार अक्टूबर नवंबर के अंत तक सभी सहयोगियों के साथ मिलकर मनाया जाएगा

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 110 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**चिकित्सा अधिकारी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष ने फीता काटकर शिविर का किया शुभारंभ**

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। कस्बे में संचालित माँ मिट्ठी कलावती क्लीनिक में सेवा पखवारा के दौरान निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया चिकित्सा अधिकारी डॉ पुष्कर कटियार भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता एवं अन्य अतिथियों ने फीता काटकर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्र से आए लगभग एक सैकड़ा से अधिक लोगों का चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाएं वितरित की वही संचारी रोगों से बचाव एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी इस दौरान लोगों को फल एवं बिस्किट भी वितरित किया गया स्वास्थ्य शिविर के आयोजक भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ राम भक्त वर्मा डॉ अर्चना सिंह डॉ रामशंकर चीफ फार्मासिस्ट अनिल शुक्ला स्टाफ नर्स अलका कामिनी नम्रता सोहन यादव ज्ञानेंद्र यादव प्रखर सिंह देवेंद्र अवस्थी रणधीर सिंह रज्जनलाल त्रिवेदी टैंया सिंह अशरफ खान शुभम ठाकरे शशिकांत पाल समेत बड़ी संख्या में स्थानीय एवं क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।



# स्वच्छता अभियान में छात्राओं ने दिया स्वच्छता का संदेश



अमन लेखनी समाचार

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत अमर नाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज की एन एस एस यूनिट की छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ निर्मल कुमार वर्मा एवं प्रो नूतन देहर के संयोजन से इस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की सभी स्वयंसेविकाओं के द्वारा प्राचीन महादेव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ मनोरमा कौशिक, रोहित बाजपेई, मांडवी राठौर डॉ पंकज, दीक्षा चौधरी श्यामा, कनिका अग्रवाल, दामोदर घोष सारिका भाटिया स्वयं सेविकाएं घनिष्का, प्रिया राधिका सपना उपस्थित रहीं।

# तहसीलदार ने जमीन पर बैठ कर सुनी विकलांग महिला की फरियाद

अमन लेखनी समाचार मथुरा



छाता तहसील सभागार में आज समाधान दिवस का आयोजन हुआ समाधान दिवस में कुल 42 शिकायत आई मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हुआ आज समाधान दिवस में सबसे ज्यादा शिकायतें बिजली विभाग से संबंधित आई वही हरिश्चंद्र सन ऑफ चेतराम निवासी सत्यनारायण मोहल्ला कस्बा छाता ने आरोप लगाया कि कुछ बिजली विभाग के गुंडा किस्म के दो युवक रामवीर पुत्र रमेश हमीर थोक छाता और मोहित वर्मा पुत्र कृष्ण गोपाल निवासी गिन्नी कॉलोनी मेरे घर पर सीडी लगाकर मेरे घर में घुस गए इन युवकों को देखकर मेरी महिलाओं ने शोर मचाना शुरू कर दिया शोर सुनकर पहुंचे लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और पूछा कि तुम कौन हो तो उन्होंने बताया कि हम बिजली विभाग के कर्मचारी हैं अगर इसी तरह घर में घुसने वाले विद्युत कर्मचारी हैं तो इनसे अब समाज की बहन बेटियां भी सुरक्षित नहीं है सचिन पुत्र मोहन श्याम सिरथला ने आरोप लगाया की गांव के दबंग लोग देवी शाह पुत्र यादराम निवासी सिरथरा मेरे घर से मेरी मोटरसाइकिल चुरा ले गए और फिरौती के तौर पर पैसे की मांग करने लगे जब हम इन लोगों के खिलाफ शिकायत करने थाना कोसीकला पहुंचे तो थाना इंचार्ज ने हमें डरा धमका कर भगा दिया अब हम क्षेत्राधिकार महोदय के पास अपनी दुख भरी शिकायत लेकर आए हैं क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा ने आश्वासन दिया है के आरोपियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी काफी दिनों से आवास विकास योजना के लिए भटक रही एक विकलांग महिला चंद्रावती पत्नी कल्लू निवासी राधेरा की फरियाद को तहसीलदार सचिन पवार ने नीचे बैठकर सुना और उन्हें आश्वासन दिलाया कि आपको जल्दी आवास दिलाया जाएगा समाधान दिवस में आए सभी अधिकारियों को उप जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आज जितनी भी शिकायते आई है सभी का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण हो जाना चाहिए

# महिलाएं पं० दीनदयाल के अंत्योदय के विचार को जाने - बबीता चौहान

अमन लेखनी समाचार



फरह। पं० दीनदयाल उपाध्याय जन्मोत्सव मेला के तीसरे दिन शनिवार को दीनदयाल धाम में आयोजित महिला लोकगीत प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि बबिता चौहान अध्यक्ष राज्य महिला आयोग ने कहा हम महिलाओं को मजबूत करें, यह तभी संभव होगा जब हम सभी महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि पं० दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का विचार दिया था। उन्हीं के सिद्धांत के अनुसार जब तक अंतिम पंक्ति में अंत में बैठी महिला का उद्धार नहीं कर दूंगी, तब तक चैन से नहीं बैठूंगी। जब तक महिलाएं अंत्योदय को विचार को स्वयं नहीं जानेगी, तब तक अंत्योदय का सपना साकार नहीं होगा। मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर मैत्रेयी गिरी जी महाराज श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा ने आशीर्वचन देते हुए कहा भारतीय संस्कृति, संस्कार और परम्परा को अपने जीवन में अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पण्डित जी लोक संस्कृति के लोप होने और पाश्चात्य संस्कृति के हावी होने पर चिंतित थे। लोक संस्कृति जो लोप होती जा रही है वह महिलाओं में जागृति आने से आयेगी। उन्होंने अस्त्र शस्त्र की प्रतियोगिता कराने का सुझाव दिया। पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं विधायक श्रीकांत शर्मा ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर। इससे पूर्व बालिका और महिलाओं के वर्ग में लोकगीतों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में जच्चा गीत, लगुन गीत, भांवर गीत, बधाई गीत, विवाह का कौमरी गीत आदि भारतीय संस्कृति से ओत प्रोत प्रस्तुतियां दी और सभी को तालियां बजाने को मजबूर कर दिया। बालिका वर्ग में आठ और महिला वर्ग में ग्यारह टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं विधायक श्रीकांत शर्मा, समिति पदाधिकारियों एवं अतिथियों द्वारा पं० दीनदयाल उपाध्याय के चित्रपट के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम संयोजक रीना सिंह, डॉ० जमुना शर्मा, सह संयोजक कमलेश चौहान व प्रमिला राजपूत रहीं। संचालन रूबी शाक्य ने किया। इस अवसर पर रीमा सिसोदिया, पूजा शर्मा, अनीता कुशवाह, पविता कुशवाह, ममता पचौरी, राजकुमारी पाराशर आदि भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## चुरकुला और मयूर नृत्य ने मचाया धमाल

फरह। पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला में ब्रज संस्कृति पर आधारित लोकगीत और नृत्य की धूम मची है। ब्रज का विश्व प्रसिद्ध चरकुला और मयूर नृत्य ने सभी दर्शकों को रोमांचित कर दिया। डांडिया और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी दर्शक जमकर आनंद ले रहे हैं। मेला के मुख्य पंडाल में संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मथुरा के चरकुला और मयूर नृत्य ने दर्शकों को मोहा। आगरा का भगत गायन, मथुरा का बम रसिया और झांसी का राई लोक नृत्य भी दर्शकों को आनंदित कर रहा है। ब्रज संस्कृति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए दर्शक भी भारी संख्या में मेला में उमड़ रहे हैं। ऐसे कार्यक्रमों में बच्चे, युवतियां और महिलाएं जमकर उमड़ रही है। मथुरा और अन्य स्थानों से आए कलाकार दर्शकों को भारतीय संस्कृति के साथ लोकगीत और लोकनृत्य से जोड़ रहे हैं। मेला के तीसरे दिन शनिवार को प्रातः गौ पूजन एवं स्वस्थ गौवंश प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता गौ पालकों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग सदस्य रमाकांत उपाध्याय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के चिकित्सकों ने किसानों को मार्गदर्शन किया। गायों के संरक्षण, संवर्धन और बीमारियों से बचाने के उपाय बताए।

## पं० दीनदयाल उपाध्याय जन्मोत्सव मेला

**राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में भोर तक जमे रहे श्रोता**

फरह। पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला में दूसरे दिन शुक्रवार रात को राष्ट्रीय कवियों ने राष्ट्रवाद की अलख जगाई तो श्रोता पूरी रात पंडाल में तालियों की गड़गड़ाहट करते रहे। हास्य व्यंग के साथ महिला सशक्तिकरण और गाय की दुर्दशा भी कविता के माध्यम से श्रोताओं तक पहुंची। कवि सम्मेलन का शुभारंभ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डा. दिनेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, मेला अध्यक्ष सोहनलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र पाठक ने दीनदयाल जी के चित्र के प्रमुख दीप प्रज्वलित करके किया। इटावा से आए गौरव चौहान ने कहा- भरतवंसी हृदय में शेर सा अभिमान बोलेगा, जवानी की जुबानी पर वही यशगान बोलेगा। फना हो जाएंगे लेकिन कभी खामोश ना होंगे, हमारे खून के कतरों में हिंदुस्तान बोलेगा। कविता सुनकर समूचे पंडाल को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान कर दिया। सुरेश अलबेला ने कहा - मेरा ये जिस्म गर मिट्टी में मिलता है तो मिल जाए, मैं बाजी हार सकता हूं समर्पण कर नहीं सकता, सुनाकर कर वाहवाही बटोरी। एटा की योगिता चौहान ने कहा- इस धरती से उस अम्बर तक घर-घर अलग जगानी है, जान हथेली पर रखकर भी हमको गाय बचानी है। जयपुर के कवि अशोक चारण ने पहलगाम हमले को केंद्र बनाकर काव्य पाठ किया। कहा- खुद को रब का बंदा कहते उनको आई शर्म नहीं, धर्म पूछ-पूछकर मार रहे हैं उनका कोई धर्म नहीं, सुनाकर श्रोताओं को रोमांचित कर दिया। मेरठ किनकवियत्री डा. शुभम त्यागी कागीत- पुजारन बन गई तेरी मेरा घनश्याम तू बन जा, निरंतर चल रही हूं मैं मेरा विश्राम तू बन जा को खूब सराहा गया। बनारस की डा. विभा सिंह और शिवांगी प्रेणा ने छंद और मुक्तक पेश किए। धौलपुर के पदम गौतम ने किसानों की पीड़ा को कविता से प्रस्तुत किया। कवि संयोजक सचिन दीक्षित ने कविता के माध्यम से हिंदुओं की दुर्दशा और जातिवाद को प्रस्तुत किया। कहा- यह हिंदू वीर योद्धा का गौरव गान नहीं करते, राणा सांगा और शिवाजी का सम्मान नहीं करते।

## विवाहिता घरेलू काम करते समय बिजली करंट की चपेट में आई

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर -क्षेत्र की एक विवाहिता घरेलू काम निपटाते समय बिजली करंट के चपेट में आ गई परिजनों ने आनंन-फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जानकारी के अनुसार रीवन गांव निवासी भगवती 35 वर्ष पत्नी निर्भय शनिवार की सुबह पानी भरने के लिए टूल्लू लगाते समय बिजली की करंट लग गया जिसे परिजनों ने आनंन फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया सदर अस्पताल से चिकित्सकों ने सघन चिकित्सा हेतु कानपुर के लिए भेज दिया घायल के देवर सुनील ने बताया की सुबह टूल्लू से करंट लग गया है हालत गंभीर है जिसका इलाज कानपुर के कार्डियोलॉजी सेंटर में चल रहा है

## महिला सम्मान एवं सुरक्षा मिशन शक्ति 5 अभियान का शुभारंभ किया

**डा ए पी जी अब्दुल कलाम सभागार में जनप्रतिनिधि व छात्रों द्वारा संजीव प्रसारण देखा गया**



लाईव प्रसारण देखते अधिकारी व छात्राओं

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। महिला सम्मान एवं सुरक्षा को गति प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश में मुख्यमंत्री द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान का शुभारम्भ किया गया। लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनपद की महिला शक्ति एवं विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा सजीव प्रसारण देखा गया मिशन शक्ति 5.0 अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शारदीय नवरात्र 22 सितम्बर से 24 दिसम्बर तक आगामी 3 माह के लिए यह अभियान चलाया जाएगा जिसमें वरिष्ठ अधिकारी फील्ड मे उतर कर जनता से सम्बाद करेगे और महिला बीट पुलिस अधिकारी गॉवों और वार्डो में जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करेगीं। उन्होने कहा कि पुलिस बल की फुट पैट्रोलिंग को और प्रभावी बनाया जाए ताकि जनता को यह विश्वास हो सके कि सरकार और प्रशासन 247 उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। यह भी कहा कि आमजन में सुरक्षा का भाव दिखे और कानून का दुरूपयोग करने वालों पर बिना किसी भेदभाव के कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री का उक्त सम्बोधन सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष जयन्ती राजपूत, विधायक सदर डॉ मनोज प्रजापति, विधायक राठ मनीषा अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, नगर पालिका चेयरमैन कुलदीप निषाद, जिलाधिकारी घनश्याम मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ0 दीक्षा शर्मा आदि की उपस्थिति में जनपद के अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सुना गया इस अवसर पर विधायक सदर ने कहा कि घर, परिवार, समाज एवं देश को समृद्धिशाली बनाने हेतु प्रत्येक सेक्टर में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की अत्यन्त आवश्यकता है। देश की आधी आबादी को सुरक्षित व अत्मनिर्भर बनाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। वर्तमान सरकार में किसी भी महिला को सुरक्षा के लिए चिन्तित रहने की आवश्यकता नही है। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाएं अपनी इच्छाशक्ति एवं दृढ़ विश्वास से हर क्षेत्र में पुरूषों से कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। उन्होने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं एवं बेटियों के उत्थान के लिए चलायी जा रही योजनाओं से काफी सहूलियत मिली है। जनपद मे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से 15000, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) से 707 एवं निराश्रित महिला पेंशन से 18000 से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत जनपद में 7415 महिला समूह संचालित है। साथ ही बेटी पढाओ बेटी बचाओ योजना एवं महिला वन स्टॉप सेन्टर, विद्युत सखी, बीसी सखी, लखपति दीदी कार्यक्रम आदि से महिला शक्ति को लाभान्वित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मिशन शक्ति के पिछले 4 फेज अच्छे निकले है। इस फेज के अन्तर्गत महिलाओ एवं बच्चियों को समग्र विकास से जोड़ा जाएगा। उन्होने कहा कि हमारे पास टैलेन्ट और विल पॉवर है, केवल उसे निखारने की आवश्यकता है। सरकार द्वारा हर फील्ड में महिलाओं को 20 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। पिछले फेजों की भॉति इस फेज को भी सभी विभागों की सक्रिय भागेदारी एवं समन्वय के द्वारा सफल बनाने का प्रयास किया जाए

## सेवा पखवाड़ा के तहत वृक्षारोपण कर लिया गया संरक्षण का संकल्प




पखवाड़ा दिवस पर वृक्षारोपण करते

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे की गायत्री तपोभूमि के अनुसुइया आश्रम में प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के तहत मनाये जाने के दृष्टिगत वृक्षारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया इस मौके पर संघ के कैलाश तिवारी, उमेश शिवहरे, कौशल, राजेश शिवहरे, अरविंद श्रीवास्तव ने वृक्षारोपण किया। अनुसुइया आश्रम में वृक्षारोपण के दौरान वन दरोगा जितेंद्र प्रताप सिंह, अमित कुमार यादव, भगवानदीन प्रजापति, रघुवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे

## समाधान दिवस में आए 43 प्रार्थनापत्र, तीन का मौके पर निस्तारण



अमन लेखनी समाचार

गरौठा। तहसील सभागार गरौठा में माह के तृतीय शनिवार को अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरुण कुमार गौड़ की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें राजस्व विभाग से संबंधित 36, पुलिस विभाग की 4, विद्युत विभाग की 1 और पीडब्ल्यूडी विभाग की 1 शिकायत प्राप्त हुई। अधिकारियों ने मौके पर 3 शिकायतों का निस्तारण किया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजकर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। किसान यूनियन ने अतिवृष्टि का मुआवजा और खाद की समस्या को लेकर अलग से शिकायती पत्र सौंपा। अपर जिलाधिकारी ने सभी अधीनस्थ अधिकारियों को फरियादियों की समस्याओं का न्यायपूर्ण और शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सुनील कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी असमा वकार, गरौठा कोतवाली प्रभारी बलिराज शाही, गुरसराय थानाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ककरबई थानाध्यक्ष विनय कुमार साहू ,चिकित्साधिकारी बामौर डॉ. विवेक सोनी, प्रभारी चिकित्सक गुरसरांय डॉ. ओ. पी.राठौर, आपूर्ति निरीक्षक रविन्द्र कुमार, बाल पुष्टाहार विभाग से अर्चना देवी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया गया

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ हुए सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज वरदान रेजिडेंशी रेमेडी, में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे से समाज के प्रबुद्धजनों का एकत्रीकरण प्रारंभ हुआ। ठीक 12:30 बजे भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि 2014 के बाद से भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। आज संपूर्ण विश्व भारत की ताकत को देख रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत न केवल आर्थिक क्षेत्र में बल्कि सैन्य शक्ति के मामले में भी विश्व पटल पर अपनी सशक्त छवि प्रस्तुत कर रहा है।

उन्होंने कहा कि देश में एक्सप्रेसवे और सड़कों का जाल तेजी से बिछ रहा है। माताओं-बहनों, किसानों और युवाओं के उत्थान के लिए सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और विकसित श्रेणी वाले देश भी भारत की ताकत को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब देश दुश्मनों को केवल निंदा और वार्ता से जवाब नहीं देता बल्कि उनके घर में घुसकर जवाब देता है। देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न, 60 करोड़ लोगों को जनधन खाते और करोड़ों गरीब परिवारों को आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना मोदी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि है।

क्षेत्रीय अध्यक्ष ने यह भी कहा कि आजादी के बाद बुंदेलखंड क्षेत्र के 50% गांवों में बिजली और स्वच्छ पेयजल का अभाव था, किंतु मोदी जी के नेतृत्व में अब प्रत्येक गांव तक बिजली पहुंच चुकी है और हर घर नल से जल योजना के अंतर्गत स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता मोदी जी के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास करती है और मोदी जी भी देश की जनता पर अटूट भरोसा करते हैं। भारत अब विकासशील देशों की श्रेणी से तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर विधायक मनोज प्रजापति ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊँचाइयों को छू रहा है और उनका व्यक्तित्व सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का प्रतीक है। क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू ने कहा कि मोदी सरकार ने जो कार्य किए हैं, उनकी तुलना विश्व के किसी भी लोकतांत्रिक देश से नहीं की जा सकती। जिला अध्यक्ष सुनील पाठक ने सभी प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मेलन भारतीय जनता पार्टी और समाज के प्रबुद्ध वर्ग के बीच संवाद को और अधिक सुदृढ़ करने का माध्यम है।

सम्मेलन की अध्यक्षता प्रख्यात कवि नारायण प्रसाद रसिक जी ने की तथा संचालन जिला मंत्री स्वामी प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, जिला महामंत्री रामदास सुदर्शन, पूर्व जिला अध्यक्ष सरस्वती शरण द्विवेदी, पूर्व विधायक डॉ. अंबेश कुमारी, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव कुलदीप निषाद शकुंतला निषाद राजेश सेंगर किशन व्यास अरिमर्दन सिंह अंकित गुप्ता मोहन ,रणवीर सिंह, आकाश त्रिपाठी नीलम बाजपेई जितेंद्र पाल सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मौदहा में दुर्गा पांडालों की सजावट जोरों पर, सोमवार को होगी देवी प्रतिमाओं की स्थापना

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। हमीरपुर- नगर व सिसोलर कस्बा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिवर्ष सजने वाले दुर्गा पांडालों की सजावट जोरों पर है।इन पांडालों में सोमवार को देवी प्रतिमाओं को स्थापित किया जाएगा। दोनों थाना क्षेत्रों में कुल मिलाकर एक सौ बीस स्थानों पर दुर्गा पांडाल सजाए जा रहे हैं बताते चलें कि 22 सितंबर दिन सोमवार से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो रहे हैं। जिसके चलते सभी देवी मंदिरों को रंग-रोगन कर सजाया जा रहा है। इस मौके पर जगह-जगह देवी पांडाल सजाए जाते हैं।इन पांडालों को सजाने का काम अपने अंतिम पायदान पर है। विभिन्न नवदुर्गा कमेटियां अपने अपने पांडालों को भव्यता प्रदान करने में जी जान से लगे हुए हैं।इस नवरात्र में मौदहा कस्बा में कुल सत्रह स्थानों में दुर्गा पांडाल सजाए जा रहे हैं इसके अलावा कोतवाली क्षेत्र के रीवन ,खण्डेह,करहिया,भैस्ता,सिजनौडा,मकरांव, टिकरी, कपसा, इचौली, नायकपुरा, उरदना,सिजवाही, फत्तेपुर पुरवा,पढ़ोरी सहित कई गांवों में कुल सत्तावन स्थानों में दुर्गा पांडाल सजाए जा रहे हैं जिनमें सोमवार को दुर्गा प्रतिमाओं को स्थापित किया जाएगा।इस प्रकार से मौदहा कस्बा सहित समूचे कोतवाली क्षेत्र में 74 स्थानों में दुर्गा पांडाल सजाए गए हैं। वहीं सिसोलर कस्बा में कुल 6 स्थानों पर दुर्गा पांडाल सजाए जा रहे हैं। इनके अलावा थाना क्षेत्र के गांव भुलसी, भैसमरी, टोलामाफ,भभई, छानी गउघाट, बेरी, बैजेमऊ, बुढ़ई, किसवाही,परेहटा, लेवा,पासुन सहित चालीस स्थानों पर दुर्गा पांडाल सजाए जा रहे हैं। जहां सोमवार को देवी प्रतिमाओं को स्थापित किया जाएगा। वहीं प्रशासन द्वारा सभी नवदुर्गा कमेटियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।जिसको देखते हुए विभिन्न कमेटियां प्रशासन की गाइड लाइन के अनुसार पांडालों में श्रंगार व बिजली सजावट के साथ ही साउंड सिस्टम को व्यवस्थित करने में लगी हुई हैं।

## नारद मोह के साथ रामलीला का हुआ भव्य शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



अनपरा सोनभद्र, अनपरा तापीय परियोजना आवासीय परिसर कॉलोनी स्थित रामलीला मैदान में रामलीला का विधिवत पूजा पाठ करके शुभारंभ किया गया कार्यक्रम की शुरूआत गणेश पूजन से हुई मुख्य अतिथि एवं परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इं जे पी कटियार एवं ज्योतिपुंज महिला मंडल की अध्यक्षता श्रीमती सुमन कटियार ने संयुक्त रूप से रामलीला का उद्घाटन किया - रामलीला के व्यास ने मुकुट एवं शस्त्रों का पूजन कराया। तत्पश्चात नारद मोह का मंचन किया गया।मुख्य अतिथि इंजीनियर जे पी कटियार ने कहा कि रामलीला के द्वारा हमें जीवन के कई महत्वपूर्ण मूल्यों को सीखने को मिलता है जैसे माता-पिता का सम्मान, भाईचारे का महत्व, साहस, धैर्य और सच्चाई, अच्छाई की हमेशा जीत होती है हमें यह भी सीख मिलता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी शांत रहने और अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने की प्रेरणा देती है इसके अलावा रामलीला सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को बनाए रखने में मदद करती है, परिवार का महत्व बताती है श्री रामचंद्र जी के जीवन चरित्र को दर्शाता है, इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से इं दूधनाथ (महाप्रबंधक) अ और ब ताप श्रीमती रीना चतुर्वेदी, अधीक्षण अभियंता इं कर्मेंद्र सिंह, इं एस पी यादव, इं महेंद्र सिंह, कमांडेंट नीतीश कुमार तोमर, असिस्टेंट कमांडेंट डी के शर्मा, अधिशासी अभियंता इं अदालत वर्मा, इं परमेंद्र चौधरी, ज्योतिपुंज महिला मंडल की सचिव श्रीमती अभिलाष यादव एवं अन्य कार्यकारी उपस्थिति रही समिति के अध्यक्ष बीके आनंद एवं सचिव अभिषेक सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, राजकुमार यादव, इंद्र कुमार सिंह, राजकुमार सिंह, बृज बिहारी यादव, राकेश जयसवाल, रविकांत गोड, श्याम बिहारी सिंह, जितेंद्र जायसवाल, प्रभाकर सिंह, समिति के अन्य पदाधिकारीगण एवं कॉलोनी रहवासी सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे -

## गाजीपुर में युवा उत्सव 17 अक्टूबर को होगा आयोजन

**15 से 29 वर्ष के युवा ले सकेंगे भाग**

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 के विकसित भारत युवा नेता संवाद के तहत युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में विकास भवन में बैठक हुई।कार्यक्रम में डिक्लेमेशन, कहानी लेखन, पेंटिंग, लोकनृत्य, लोकगीत, कविता लेखन और साइंस मेला प्रदर्शनी शामिल होंगे। प्रतिभागियों को माई भारत पोर्टल पर 10 अक्टूबर 2025 तक पंजीकरण कराना होगा। इसमें 1 सितंबर 2025 को 15 से 29 वर्ष की आयु वाले युवा हिस्सा ले सकेंगे।कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ शैक्षणिक संस्थानों में किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न विधाओं के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया। जिला युवा कल्याण अधिकारी पूरे कार्यक्रम के नोडल अधिकारी होंगे। 17 अक्टूबर 2025 को होने वाले इस आयोजन में डिक्लेमेशन, लोकनृत्य, लोकगीत, साइंस मेला और पुरस्कार वितरण ऑडिटोरियम में होंगे। कहानी



लेखन, पेंटिंग और कविता लेखन पी.जी. कॉलेज में आयोजित किए जाएंगे। बैठक में जिला सूचना अधिकारी, पॉलिटेक्निक के प्रवक्ता, माई भारत के लेखाकार और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## युवाओं को स्मार्ट बना विकसित भारत के संकल्प को साकार कर रही योगी सरकार -आर के सिंह पटेल

**-आर के सिंह हॉस्पिटल एंड इंस्टीयूट ऑफ मेडिकल साइंस रगौली के टैबलेट वितरित कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत शुक्रवार जिले के आर के सिंह हॉस्पिटल एंड इंस्टीयूट ऑफ मेडिकल साइंस रगौली में आयोजित समारोह में 51 छात्र - छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे चित्रकूट के जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव,विशिष्ट अतिथि रहे जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल और अध्यक्षता कर रहे बांदा - चित्रकूट के पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

इंस्टीट्यूट के छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार युवाओं को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए संकल्पित है। सरकार द्वारा छात्र छात्राओं को टैबलेट उपलब्ध कराकर तकनीकी रूप से समृद्ध करने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा युवाओं के हाईटेक बनने से विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बांदा - चित्रकूट के पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि योगी सरकार युवाओं को टैबलेट उपलब्ध करा उनके सपनों को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि तकनीकी ज्ञान से समृद्ध युवा ही देश और प्रदेश की तकदीर और तस्वीर बदल सकता है। कहा कि हाईटेक युवा ही पीएम मोदी और सीएम योगी के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार कर सकता हैं। इसके अलावा जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कहा कि युवा सरकार द्वारा प्रदत्त उपकरणों का ज्ञान वृद्धि में करें। तकनीकी उपकरणों का सही प्रयोग व्यक्ति को विकास और समृद्धि के रास्ते पर ले जा सकता है। जबकि गलत प्रयोग व्यक्ति के भविष्य को तबाह कर सकता है।उन्होंने युवाओं से तकनीकी ज्ञान का प्रयोग देश व समाज हित में कर योगी सरकार क सपनों का नया उत्तर प्रदेश बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने 51 छात्र छात्राओं को सरकार द्वारा प्रदत्त टैबलेट का वर्तमान किया।

## जांच पड़ताल करने पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर - नगर के एक कॉलेज में इस्लामी एजेंडा का आरोप लगा सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल का मामला तूल पकड़ रहा है जिसको संज्ञान में लेते हुए जिला अधिकारी ने जांच करने के लिए डीआईओएस को भेजा।बताते चलें कि शनिवार को सोशल मीडिया में एक वायरल वीडियो को देखकर नगर में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं होने लगी जिसमें सुबह प्रार्थना के बाद विद्यालय परिसर में एकत्रित छात्र-छात्राएं मंच पर उपस्थित एक छात्र इस्लामिक गीत प्रस्तुत कर रही है जिस पर जिलाधिकारी ने संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभाग के जिला विद्यालय निरीक्षक को स्थलीय निरीक्षण कर जांच पड़ताल के निर्देश जारी किया वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालय परिसर पहुंच संबंधित मामले से साक्ष्य संकलन कर जिला अधिकारी को सौंपने की बात किया इस संबंध में विद्यालय की प्रधानाचार्य रजिया सुल्तान ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रतिदिन के रूटीन की है जिसमें अलग-अलग तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिसमें छात्र-छात्राएं अपनी अपनी प्रतिभा को दशार्ते हैं इसमें कोई नात शरीफ पढ़ता है कोई संस्कृत के श्लोक पड़ता है इसी तरह की अन्य गतिविधियां बच्चों के प्रतिभा निखारने के लिए आयोजित की जाती है।

## राजाराम डिग्री कालेज में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया

**मेले में एक सौ पचत्तर छात्रों ने भाग लिया जिसमें से एक सौ तैराह अभ्यर्थी ने भाग लिया**

कुरारा,हमीरपुर। विकास खंड क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव स्थित राजाराम डिग्री कालेज में सेवायोजन विभाग द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें साक्षात्कार के बाद 113 युवकों का चयन किया गया।क्षेत्र के राजाराम डिग्री कालेज में सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के निदेर्शानुसार एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया।जिसमे प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन कानपुर, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल लखनऊ, एस बी लाइफ हमीरपुर ,पुखराज हेल्थ केयर कानपुर,एण्डुवेंटज नोएडा ने प्रतिभाग किया। जिसमें 113 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेले में कुल 175 अभ्यर्थी ने भाग लिया

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौहन्ड में 17 से 2 अक्टूर तक चालेगा स्वास्थ्य नारी सशक्त पारिवर अभियान

**स्वास्थ नारी सशक्त अभियान**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। गोहांड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत अभियान का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि डॉ आराधना राजपूत जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा और विनीता राजपूत नगर अध्यक्ष गोहांड के द्वारा फीता काटकर किया गया इस शिविर में महिलाओं और बच्चों की निशुल्क जांच और उपचार किया गया एवं सलाह दी गई डां अंजुल निरंजन सीएचसी प्रभारी गोहांड ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों का लाभ उठाने व उचित जीवन शैली अपनाने और स्वास्थ्य के मानकों को बनाए रखने व सभी महिलाओं के लिए चिकित्सा स्वास्थ्य के बारे में बताया इस अभियान में 70 से अधिक महिलाओं और बच्चों की बीपी, शुगर, विटामिन, प्रसव, रक्तचाप ,दांत सहित विभिन्न जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क की गई व फल वितरित किए गए यह कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा व इसी तरह प्रतिदिन जांच की जाएगी इस कार्यक्रम में प्रभारी डॉ अंजुल निरंजन, डॉ अनुपम पाल राजपूत, डॉ राममोहन ,डॉ खूबचंद, डॉ राजेंद्र एवं अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा

## खंडेह ग्राम पंचायत फिर एक बार सुर्खियों में

अमन लेखनी समाचार

मौदहा हमीरपुर। एक बार फिर से मौदहा ब्लाक का खंडेह गांव भ्रष्टाचार के चलते सुर्खियों में आ गया है लगातार ग्रामीणों द्वारा समाधान दिवसों पर शिकायत कर गांव में विकास कार्यो के नाम पर हो रहे घोटालों की जांच की मांग कर रहे हैं जबकि पूर्व में भी मनरेगा के तहत हुए बड़े घोटाले में बीडीओ, ग्राम पंचायत सचिव प्रधान व ब्लाक के बाबू पर बड़ी कार्यवाही हुई थी बता दें की मौदहा विकास खंड के बड़ी आबादी वाले गांव खंडेह से एक बार फिर से लगातार भ्रष्टाचार की खबरें आ रही हैं। ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी की चौखट से लेकर समाधान दिवसों पर विकास कार्यो में किये गए घोटालों की शिकायतें की जा रही हैं। अगर ग्रामीणों की माने तो मौजूदा ग्राम प्रधान द्वारा बिना काम करवाये लाखों रुपये निकाल लिया गया है। ग्राम निवासी ब्रज किशोर द्विवेदी, हरिशरण ने समाधान दिवस पर मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत करते हुए बताया की ग्राम प्रधान बसंती द्वारा गांव में 5 हैंडपम्प, कलार तालाब के घाटों के निर्माण, व सड़क का पैसा बिना काम करवाये निकाल लिया गया है जिसकी शिकायत कर वह लगातार जांच की मांग कर रहे हैं साथ ही शिकायतकर्ता ने घोटालों की शिकायत करने को लेकर प्रधान पति द्वारा धमकाए जाने के भी आरोप लगाए हैं। शिकायतकताओं ने घोटालों की तीन सदस्यीय टीम बनाकर निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# प्रभास की फौजी में अभिषेक की एंट्री!

**मुंबई।** तेलुगू सिनेमा के पैन इंडिया सुपरस्टार प्रभास की फिल्म फौजी को एक नई जानकारी आई है। चर्चा है कि डायरेक्टर हनु राघवपुडी की यह एक्शन-ड्रामा फिल्म अब और भी रोमांचक होने वाली है, क्योंकि इसमें अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई है। प्रभास इन दिनों फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। खबर है कि जल्द ही अभिषेक भी उनके साथ शामिल होंगे। हालांकि, फिल्म से अभिषेक के जुड़ने को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। अभिषेक बच्चन और प्रभास फौजी में स्क्रीन शेयर करते नजर आने वाले हैं। हनु राघवपुडी ने अभिषेक बच्चन से एक अहम भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया है।

लाइफ Style

# दीपिका

## कल्कि 2898 एडी के सीक्वल से हुईं बाहर

एटली और अल्लू अर्जुन की फिल्म ए22 x ए6 के चलते चर्चाओं में बनी दीपिका पादुकोण को लेकर अब एक बड़ी खबर सामने आ रही है। संदीप रेड्डी वांगा की स्पिरिट से काम के घंटों और फीस को लेकर बाहर होने वाली दीपिका अब एक और बड़ी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी'के सीक्वल से भी बाहर हो गई हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस बात की जानकारी खुद मेकर्स ने सोशल मीडिया पर साझा की है। गुरुवार को वैजयंती मूवीज ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक बयान के जरिए इस बात की घोषणा की कि दीपिका पादुकोण अब कल्कि के सीक्वल का हिस्सा नहीं हैं। इस पोस्ट में लिखा गया, यह आधिकारिक तौर पर घोषणा की जाती है कि दीपिका पादुकोण 'कल्कि 2898एडी' के आगामी सीक्वल का हिस्सा नहीं होंगी। काफी विचार-विमर्श के बाद हमने अलग होने का फैसला किया है। पहली फिल्म बनाने के लंबे सफर के बावजूद, हम साझेदारी नहीं कर पाए। कल्कि 2898एडी जैसी फिल्म उस प्रतिबद्धता और उससे भी कहीं अधिक की हकदार है। हम उनके भविष्य के काम के लिए शुभकामनाएं देते हैं। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' साल 2024 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण ने गर्भवती महिला सुमति का किरदार निभाया था। फिल्म में उनके होने वाले बेटे को ही कल्कि अवतार के तौर पर दिखाया जा रहा है। फैंस को दीपिका का किरदार काफी पसंद आया था और उनके अभिनय की भी तारीफ हुई थी। अब कल्कि के सीक्वल से दीपिका पादुकोण के अचानक बाहर किए जाने से उनके फैंस हैरान हैं।



हॉलीवुड मसाला



# रोमांटिक ड्रामा सीरीज की हुई एंडिंग

**लॉस एंजिल्स।** तीन सीजन तक दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अमेरिकन रोमांटिक ड्रामा सीरीज 'द समर आई टर्न्ड प्रिटी' आखिरकार अपने आखिरी एपिसोड तक पहुंच गई। ग्यारहवें एपिसोड के साथ ही ना सिर्फ कहानी का द एंड हुआ, बल्कि एक हैप्पी एंडिंग देकर मेकर्स ने फैंस को भी खुश कर दिया। इस दौरान फैंस जिन सवालों का बेसब्री से जवाब ढूंढ रहे थे, वो भी उन्हें मिल गया। आखिरी एपिसोड की शुरुआत पेरिस से होती है, जहां बेली और कॉनराड की अंजाने में मुलाकात होती है।



# डेमन स्लेयर ने पार किया 50 करोड़ का आंकड़ा...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहीरो वाली फिल्मों को देखने वाला एक बड़ा दर्शक वर्ग भारत में मौजूद है। साथ ही जापानी एनिमे सीरीज, फिल्मों की फैन फॉलोइंग भी अच्छी-खासी है। हाल ही में रिलीज हुई जापानी एनिमे फिल्म 'डेमन स्लेयर' को भारत में अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 50.87 करोड़ रुपएहो चुका है। एनिमे फिल्म डेमन स्लेयर का रिलीज से पहले कोई प्रमोशन नहीं हुआ। लेकिन, एनिमे फिल्म देखने वालों में सबसे बड़ा दर्शक वर्ग जेन जी है। इस पीढ़ी के बीच एनिमे फिल्म जॉनर काफी पॉपुलर है। इसी ऑडियंस की वजह से फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों में कमाई कर रही है। डेमन स्लेयर एक एनिमे जॉनर में बनी है। इसमें गजब का एक्शन, फाइट सीन्स दर्शकों को रोमांचित करते हैं। सोशल मीडिया पर भी इस फिल्म की खूब चर्चा है।



# सफेद ड्रेस में शेयर की खूबसूरत तस्वीरें

**मुंबई।** शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'से ओटीटी की दुनिया में बतौर निर्देशक एंट्री कर रहे हैं। उनका पहला शो द बैड्स ऑफ बॉलीवुड गुरुवार से स्ट्रीम हो रहा है। इससे पहले शो की स्क्रीनिंग रखी गई, जिसमें बॉलीवुड की तमाम हस्तियों ने शिरकत की। इस दौरान अभिनेत्री आलिया भट्ट भी पति व अभिनेता रणबीर कपूर के साथ इस कार्यक्रम में पहुंचीं। इवेंट में जाने से पहले आलिया ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा कीं। अब इन तस्वीरों पर दीपिका पादुकोण के कमेंट ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। आलिया 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की स्क्रीनिंग में सफेद रंग की रिवीलिंग कट-आउट ड्रेस पहनकर पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने साथ में एक मैचिंग का शानदार हैंडबैग भी पकड़ा था।



# सनी संस्कारी... से परफेक्ट गाना रिलीज...

**मुंबई।** वरुण धवन और जान्हवी कपूर अपनी नई फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। गुरुवार को फिल्म का एक नया गाना 'परफेक्ट' रिलीज किया गया है। इस गाने में पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा भी नजर आ रहे हैं। इस गाने को गुरु रंधावा ने गाया है। इसका संगीत और बोल गुरु, गिल मछराई और रोनी अजंली ने बनाए हैं। दिलमान ने इसे प्रोड्यूस किया है। परफेक्ट गाने में जान्हवी का हॉट लुक और वरुण का धमाकेदार डांस फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसका लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म में वरुण धवन और जान्हवी कपूर के अलावा रोहित सराफ, सान्या मल्होत्रा और मनीष पॉल ने भी अहम भूमिका निभाई है।

टीवी मसाला



# दिव्यांग आईएएस ऑफिसर की बात सुन भावुक हुए अमिताभ

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन होस्टेड टीवी का फेमस क्विज रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17' इन दिनों काफी सुर्खियों में बना हुआ है। केबीसी के सीजन 17 ने भी अब तक कई कंटेस्टेंट को मालामाल बना दिया है। इसी बीच अब शो का लेटेस्ट एपिसोड काफी चर्चा में बना हुआ। फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड जीतकर हॉट सीट पर दृष्टिबाधित कंटेस्टेंट आयुषी हॉट सीट पर पहुंचीं। अमिताभ ने पूरी गर्मजोशी के साथ आयुषी का स्वागत किया। इस दौरान आयुषी ने कुछ ऐसा कहा जिसे सुनने के बाद शो को होस्ट यानी बिग बी को भी भावुक कर दिया। आयुषी ने अमिताभ बच्चन को केबीसी से अपने गहरे जुड़ाव के बारे में बताते हुए कहा कि उनकी फैमिली उन्हें हमेशा सेट के बारे में बताती थी कि वो कैसा दिखता है। आयुषी ने कहा, 'जब से यह शो शुरू हुआ है, मेरा पूरा परिवार इसे देखता है और मुझे बताता है कि सेट कैसा दिखता है, लाइटिंग कैसी होती है, और आप हर कंटेस्टेंट को कैसे सहज महसूस कराते हैं। मैं अभी बहुत सहज महसूस कर रही हूं। यह शो मेरे लिए एक एहसास है।' आयुषी ने आगे बताया कि भले ही अपनी आंखों से अमिताभ बच्चन को पर्सनली नहीं देख सकती हैं, लेकिन उन्हें हमेशा बिग बी के आकर्षक रूप और आकर्षक व्यक्तित्व के बारे में बताया जाता रहा है। आयुषी ने कहा, 'लोग अक्सर मुझे आपके बारे में बताते हैं, आप कितने लंबे हैं, आपके आकर्षक चेहरे-मोहरे और आप कितने सुंदर दिखते हैं।' आयुषी की बातें सुनकर अमिताभ बच्चन बेहद प्रभावित और भावुक हो उठे। उन्होंने कहा,'हम बहुत भाग्यशाली हैं कि आप आज हमारे साथ हैं।'

## अनुपमा और तुलसी में फिर छिड़ी टीआरपी की जंग

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का पॉपुलर शो अनुपमा लगातार तीसरे हफ्ते नंबर वन बना हुआ है। शो को इस बार 2.4 की टीआरपी मिली है। लीड किरदार अनुपमा की जिंदगी के उतार-चढ़ाव और पारिवारिक संघर्ष ने दर्शकों को बांधे रखा है। रुपाली गांगुली के दमदार अभिनय और कहानी में लगातार आ रहे ट्विस्ट और टर्न्स की वजह से ये शो हर हफ्ते दर्शकों की पहली पसंद बना हुआ है। अनुपमा के बाद स्मृति ईरानी का चर्चित शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' दूसरे नंबर पर रहा। बीते हफ्ते टीआरपी में थोड़ा पिछड़ने के बाद इस बार शो ने 2.0 की रेटिंग हासिल की है। पुराने दर्शकों की नॉस्टैल्जिक फीलिंग्स और नई पीढ़ी के लिए मॉडर्न ट्विस्ट इस शो को फिर से लोकप्रिय बना रहे हैं। तीसरे नंबर पर भी स्टार प्लस का ही सुपरहिट शो ये रिश्ता क्या कहलाता है रहा।



# हॉलीवुड स्टार को बॉलीवुड से 530 करोड़ का ऑफर

**मुंबई।** हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी से जुड़ी एक खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि वो बॉलीवुड में डेब्यू कर सकती हैं। दिलचस्प बात ये है कि उन्हें इस फिल्म के लिए 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की फीस ऑफर की गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की एक प्रोडक्शन कंपनी सिडनी स्वीनी की इंटरनेशनल इमेज का इस्तेमाल करना चाहती है। इसीलिए उन्हें एक फिल्म के लिए 45 मिलियन पाउंड यानी 530 करोड़ रुपए का ऑफर दिया गया है। इसमें 415 करोड़ रुपए फीस के तौर पर और 115 करोड़ रुपए की स्पॉन्सरशिप डील शामिल है। हालांकि, अभी तक सिडनी ने इस ऑफर को एक्सेप्ट किया है या नहीं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पर कहा जा रहा है कि इतना बड़ा ऑफर अमाउंट देखकर वो खुद काफी हैरान हैं।



### सबसे महंगी इंडियन फिल्म

ये भारत की अब तक की सबसे महंगी फिल्म होगी। सिडनी एक अमेरिकन स्टार का किरदार निभाएंगी, जिसे एक इंडियन सेलिब्रिटी से प्यार हो जाता है। शूटिंग के बारे में कहा जा रहा है कि ये साल 2026 में शुरू होगी। लंदन, दुबई, न्यूयॉर्क और पेरिस में इसे फिल्माया जाएगा।

### कौन हैं सिडनी स्वीनी?

वो अमेरिकन एक्ट्रेस हैं। उनका पूरा नाम सिडनी स्वीनी है। 12 सितंबर 1997 को जन्मीं सिडनी 28 साल की हैं। उत्साह ड्रामा सीरीज से उन्हें पहचान मिली।

# 'सिकंदर' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 27 को ज़ी सिनेमा पर



**मंबई।** इस त्योहारी सीज़न में ज़ी सिनेमा ला रहा है सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सिकंदर' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर, शनिवार 27 सितंबर को रात 8 बजे। भावनाओं, एक्शन और संगीत से भरपूर यह फिल्म परिवार संग देखने के लिए बेहतरीन विकल्प है। सलमान खान ने फिल्म को चुनने की वजह बताते हुए कहा, "इसमें गहरे जज़्बात, एक्शन और हास्य सब कुछ है। निर्देशक ए.आर. मुरुगदॉस ने हर भावना को बखूबी दिखाया है।" फिल्म के एक प्रमुख संवाद "तक़दीर ने मुझे सिकंदर नहीं बनाया, मैंने खुद को तराशा है" पर उन्होंने कहा कि हर इंसान अपने सफर में अकेला नहीं होता – "अगर मेरे पिता सलीम खान मुंबई न आते, तो मैं शायद यहां न होता। सलमान ने बताया कि जहां एक्शन उनके लिए आसान है, वहीं फिल्म की असली चुनौती इसके भावनात्मक पहलुओं को पर्दे पर सही तरीके से उतारना था।

# नवरात्रि शॉपिंग में दिखा टीवी कलाकारों का फेस्टिव जोश!



**मुंबई।** जैसे-जैसे नवरात्रि नजदीक आ रही है, टीवी सितारों की शॉपिंग लिस्ट में भी रंग, रोशनी और परंपरा की झलक दिखने लगी है। एण्डटीवी के लोकप्रिय कलाकार – नीहारिका रॉय ('घरवाली पेड़वाली'), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन') और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं') – सभी अपनी फेस्टिव तैयारियों को लेकर उत्साहित हैं। नीहारिका रंग-बिरंगी चनिया-चोली और कोलकाता-स्टाइल साड़ियाँ खरीद रही हैं, वहीं गीतांजलि मिश्रा बांधनी साड़ी और हैंडमेड ज्वेलरी की शॉपिंग में व्यस्त हैं। विदिशा श्रीवास्तव ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी और स्टाइलिश चनिया चोली के साथ घर की सजावट का भी पूरा ध्यान रख रही हैं।

# 'द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स' ने भारत में रचा इतिहास

**मुंबई।** हॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित हॉरर फिल्म 'द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स' ने 5 सितंबर को भारत में अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होते ही बॉक्स-ऑफिस पर तहलका मचा दिया। 2130 स्क्रीन्स पर रिलीज होकर इसने ओपनिंग वीकेंड में ₹60.40 करोड़ की कमाई की, जो किसी हॉलीवुड हॉरर फिल्म के लिए भारत में अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग है। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के मुताबिक, यह फिल्म न केवल 2025 की सबसे बड़ी हॉलीवुड ओपनिंग है, बल्कि भारत में अब तक की सबसे बड़ी वार्नर ब्रदर्स ओपनिंग भी है। वेरा फ़ार्मिगा और पैट्रिक विल्सन की जोड़ी एक बार फिर एड और लोरेन वॉरेन के रूप में लौट आई है, और दर्शकों ने फिल्म को जबरदस्त सराहना दी है।




## ओटीटी और थिएटर में चलेगा कोर्टरूम ड्रामा, ऑडियंस नहीं होगी बोर

# ओटीटी-थियटर पर इस सप्ताह रिलीज होंगी ये सीरीज और फिल्में

*नई दिल्ली। शुक्रवार का दिन एक्टर से लेकर फिल्ममेकर्स तक के लिए बेहद इम्पोर्टेंट होता है, क्योंकि इस दिन कई बड़ी फिल्में और सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और थिएटर्स में हर हफ्ते रिलीज होती हैं। सितंबर का तीसरा शुक्रवार तो दर्शकों के लिए बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते जो फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं, उसमें कॉमेडी से लेकर सस्पेंस और क्राइम हर फ्लेवर ऑडियंस को मिलने वाला है।*

**जॉली एलएलबी -3** : 19 सितंबर शुक्रवार को रिलीज होने वाली फिल्मों में सबसे पहला नाम अक्षय कुमार-अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म जॉली एलएलबी 3 है। इस फिल्म में डबल ट्रबल होगा, क्योंकि इस बार अरशद-अक्षय मिलकर जज त्रिपाठी की नाक में दम करेंगे। ये फिल्म थिएटर में रिलीज होगी।

**द ट्रायल सीजन-2** : काजोल एक बार फिर से लीगल कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'द ट्रायल सीजन-2' में नोयोनिका सेनगुप्ता का किरदार निभाने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। वह इस सीजन में अपने पति की हरकतों की वजह से कानूनी रूप से कई और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। राजीव पॉलिटिक्स में वापसी करना चाहता है, जिसके लिए वह अपनी पत्नी नोयोनिका से मदद मांगता है। अब नोयोनिका उसकी मदद करेगी या नहीं, इसके लिए तो आपको ये सीरीज 19 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर देखनी होगी।




**टू मैन** : ये एक मलयालम साइकोलॉजिकल थ्रिलर मूवी है, जिसमें निषाद, डॉनी डार्विन, इरशाद अली ने मुख्य भूमिका निभाई है। टू मैन 2 ऐसे अलग लोगों की कहानी है, जिनकी जिंदगी के अलग-अलग मकसद हैं। फिल्म की पूरी कहानी 24 घंटे के समय में गढ़ी गई है। ये फिल्म आप मनोरमामैक्स पर देख सकते हैं।

**हाउसमेट्स** : हाउसमेट्स एक तमिल हॉरर कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसमें दर्शन, काली वेंकट, विनोधिनी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 1 अगस्त 2025 में रिलीज हुई ये फिल्म अब ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म की कहानी नए नवेले शादीशुदा कपल कार्तिक और अनु की है, जो अपने सपनों के घर में शिफ्ट होते हैं, लेकिन उनकी खुशी तब डर में बदल जाती है, जब उनके सामने अजीबो-गरीब चीजें होती हैं। इस फिल्म को आप जी 5 पर देख सकते हैं।

**अजेय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ योगी** : अजेय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ योगी भी रिलीज के लिए तैयार है। ये फिल्म उत्तर प्रदेश के सीएम आदित्यनाथ योगी की लाइफ पर बेस्ड फिल्म है। मूवी का निर्देशन रवींद्र गौतम ने किया है। फिल्म की कहानी शांतनु गुप्ता की किताब 'द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर' से इंस्पायर है। मूवी को आप 19 सितंबर को थिएटर में देख सकते हैं।

***शी सैड मे बी*** *: जर्मन रॉम-कॉम फिल्म की कहानी एक यंग वुमन मावी की है, जिसकी नॉर्मल सी लाइफ में उथल-पुथल तब मचती है, जब उसे ये पता चलता है कि वह तुर्किये के एक समृद्ध परिवार से ताल्लुक रखती है। अब अपने प्यार और नए परिवार की जिम्मेदारी के बीच वह कैसे अपनी लाइफ को बैलेंस करेगी, कहानी इस बारे में है। इस कॉमेडी मूवी को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।*

***स्वाइप्ड*** *: इस बायोग्राफिकल फिल्म की कहानी अमेरिकन एंटरप्रेन्योर व्हिटनी वोल्फ हेर्ड की है, जो बंबल का फॉउंडर है और टिंडर का को-फाउंडर है। उन्होंने अलग-अलग डेटिंग एप लॉन्च करके मेल डोमिनेटिंग टेक इंडस्ट्री में कदम रखा है। इस फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।*

***पुलिस-पुलिस*** *: इस कॉमेडी ड्रामा सीरीज की कहानी इंस्पेक्टर अर्जुन की है, जो एक चालाक अपराधी रवि को अपनी टीम में सीक्रेटली शामिल कर लेता है। वह उससे मिलने वाली जानकारी से बड़े से बड़े क्राइम केस को सुलझा लेता है। इस सीरीज में सेंथिल कुमार, जयसीलन थंगवेल और शबाना शाहजहां मुख्य भूमिका में हैं। इस सीरीज को भी आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।*